डाक पंजीयन नं. 99/2021-23


E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया


# आधुनिक समाचार


प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

PG-5



PG-5

सिनेमा:फैजल शेख नहीं ये कंटेस्टेंट पहुंचा फाइनल में....


वर्ष -08 अंक -167 | प्रयागराज, सोमवार ,12 सितम्बर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये


## संक्षिप्त समाचार

### असम सरकार का बड़ा फैसला

(आधुनिक समाचार सेवा)

**गुवाहाटी।** असम की हिमंत सरमा सरकार ने न्यायपालिका पर बोझ कम करने के लिए करीब तीन लाख छोटे-मोटे अपराध के मामलों को वापस लेने का फैसला किया है। कैबिनेट की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में राज्य के




पर्यटन मंत्री जयंत मल्ला बरुआ ने कहा, 4.19 लाख छोटे अपराध के मामलों में से हमने सीआरपीसी की धारा-321 के तहत लगभग तीन लाख मामलों को वापस लेने का फैसला किया है। इससे मामलों का बैकलाग कम होगा और जेलों में भीड़ कम होगी।सरकारी बयान में कहा गया है कि सरकार जल्द ही संबंधित मामलों की अगली तारीखों पर उपयुक्त याचिका दायर करने के लिए लोक अभियोजक को निर्देश और विस्तृत एसओपी जारी करेगी। मंत्रिमंडल ने शहरों में आंतरिक क्षेत्रों के पुनर्विकास के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए विकास अधिकारों के हस्तांतरण के लिए असम राज्य नीति को भी मंजूरी दी।

## महाराष्ट्र के मंत्री बोले- मोदी देश की आत्मा

### बाजपेयी भी हारे और इंदिरा गांधी भी हारी लेकिन पीएम मोदी कभी नहीं हारेंगे

(आधुनिक समाचार सेवा)

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सामाजिक न्याय मंत्री सुरेश खाडे ने दावा किया है



कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश का आत्मा हैं, जो लोगों के दिलों में बसते हैं और वह अजेय हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता जयंत पाटिल की टिप्पणी से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए खाडे ने प्रधानमंत्री की प्रशंसा की। जयंत पाटिल ने दावा किया था कि राज्य के बारामती क्षेत्र से राकांपा प्रमुख शरद पवार और उनके परिवार के सदस्यों को हराना असंभव है। उनका कहना था कि सूरज पश्चिम से उग सकता है, लेकिन बारामती में पवार के परिवार की राजनीतिक हार संभव नहीं है। पंढरपुर में संवाददाताओं से बातचीत में खाडे ने पाटिल के इसी बयान के जवाब में कहा, '(प्रधानमंत्री) मोदी देश का आत्मा हैं। वह अजेय हैं। (पूर्व प्रधानमंत्रियों) अटल बिहारी वाजयेपी और इंदिरा गांधी ने अपने समय में चुनाव में हार का सामना किया था, लेकिन मोदी कभी नहीं हारेंगे।इंदिरा और वाजपेयी भी हारे चुनाव उन्होंने आगे यहां तक कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी भी चुनाव हार गए थे। लेकिन तथ्यात्मक रूप से यह सही नहीं है क्योंकि आडवाणी ने 1977 और 2014 के बीच हर लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की थी, लेकिन 2019 का चुनाव उन्होंने नहीं लड़ा था। गौरतलब है कि इंदिरा गांधी वर्ष 1977 का लोकसभा चुनाव हार गईं थी। वहीं, अटल बिहारी वाजपेयी भी 1955 में एक उपचुनाव हारे थे साथ ही 1957 में दो सीटों में से एक पर चुनाव हार गए थे। इसके बाद वे फिर से 1962 और 1984 में भी चुनाव हार गए थे।

## गुजरात में भाजपा की मुस्लिम वोटों पर नजर

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** भाजपा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने गुजरात में मुसलमानों को जोड़ने के लिए एक अभियान शुरू किया है। इसके तहत संबंधित समुदाय की अच्छी-खासी संख्या वाले विधानसभा क्षेत्रों में कम से कम 100 'अल्पसंख्यक मित्र' बनाए जाएंगे। पार्टी नेता जमाल सिद्दीकी ने रविवार को यह बात कही। राज्य में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं अल्पसंख्यक वोट सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भाजपा के



अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रमुख ने कहा कि इस तरह के विधानसभा क्षेत्रों में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों, खासकर मुस्लिमों को पार्टी की बूथ समितियों में भी शामिल किया जाएगा। सिद्दीकी ने कहा, भाजपा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने गैर-राजनीतिक पृष्ठभूमि के कम से कम 100 मुसलमानों को पार्टी से सहानुभूति रखने वालों के रूप में जोड़ने के लिए एक अभियान शुरू किया है। वे आध्यात्मिक नेता, पेशेवर, उद्यमी या फिर सरकार में काम करने वाले भी हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के ऐसे प्रत्येक अल्पसंख्यक मित्र को अपने आसपास से भाजपा के लिए 50 अल्पसंख्यक वोट सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी जाएगी।

## मानसून फिर एक्टिव, इन राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट, जानें- यूपी बिहार, दिल्ली में कैसा रहेगा मौसम

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने लो प्रेशर के चलते उत्तर भारत से लेकर दक्षिण भारत तक के विभिनन राज्यों में भारी बारिश बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम



विभाग के मुताबिक, आज यानि सोमवार को पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, विदर्भ, कोंकण, मध्य महाराष्ट्र, गुजरात, झारखंड, बिहार, उत्तराखंड, कर्नाटक के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के आसार है आईएमडी के मुताबिक अब तक देश के 31 प्रतिशत हिस्से में सामान्य से ज्यादा, 36 प्रतिशत हिस्से में सामान्य और 33 प्रतिशत में सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के कई क्षेत्रों में भारी बारिश को देखते हुए अगले 4 दिनों तक यलो अलर्ट जारी किया है। मानसून की ट्रफ अब नलिया, अहमदाबाद, अकोला, रामागुंडम, दक्षिण ओडिशा के ऊपर बने हुए डिप्रेशन के केंद्र और फिर पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर बंगाल की पूर्वी मध्य खाड़ी से गुजर रही है।मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली में आज, 12 सितंबर को न्यूनतम तापमान 27 डिग्री और अधिकतम तापमान 36 डिग्री रहेगा। राजधानी दिल्ली में आज (सोमवार) हल्के बाद भी छाए रहेंगे। कुछ स्थानों में बूंदाबादी हो सकती है।उत्तराखंड आने वाले चार दिनों तक भारी बारिश को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, देहरादून सहित पांच जिलों में भारी बारिश की संभावना है।बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बनने के कारण महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ से सटे मध्य प्रदेश के इलाकों में बारिश हो रही है। 12 सितंबर को ओडिशा के पास बन रहा नया वेदर सिस्टम मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में एक्टिव हो जाएगा, इसके प्रभाव के कारण दोनों राज्यों में सोमवार को बारिश होने की संभावना है।उत्तर प्रदेश में कैसा रहेगा मौसम मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में मानसून कमजोर हो गया है। आने वाले समय में भी तेज बारिश की संभावना नहीं है। बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर का प्रभाव यूपी के पूर्वी हिस्से में देखने को मिल सकता है और हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में रुक- रुककर बारिश हो रही है। आईएमडी ने दक्षिण कर्नाटक को छोड़ राज्य के अन्य हिस्सों में येलो अलर्ट जारी कर किया है। बेंगलुरु के लिए राहत की बात ये है कि अगले 4 दिनों तक बारिश के आसार नहीं है। महाराष्ट्र, कोंकण क्षेत्र और गोवा मे अगले कुछ दिनों तक मध्यम से तेज बारिश हो सकती है।

## अब अहमदाबाद मे आप पार्टी के कार्यालय पर पुलिस का छापा

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने दावा किया है कि उनके अहमदाबाद कार्यालय पर पुलिस ने रविवार को छापेमारी की है। पार्टी ने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा गुजरात विधानसभा चुनाव में हार के डर के चलते और लोगों के मिल रहे अत्यधिक समर्थन से बेहद परेशान है। आम आदमी पार्टी (आप) की गुजरात इकाई के नेताओं ने ट्विटर पर कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अहमदाबाद पहुंचने के तुरंत बाद छापेमारी की गई।

## असम में दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार मुसादिक हुसैन और इकरामुल इस्लाम के रूप में हुई इनकी पहचान

(आधुनिक समाचार सेवा)

**गुवाहाटी।** असम से दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मोरीगांव जिले में अंसारुल्लाह बांग्ला टीम से जुड़े दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार संदिग्ध आतंकियों की पहचान मुसादिक हुसैन और इकरामुल इस्लाम के रूप में हुई है। इकरामुल एक इमाम है और उसे नागांव जिले से गिरफ्तार किया गया था। उधर, राज्य पुलिस ने हुसैन को मोरीगांव जिले के मोइराबारी इलाके से गिरफ्तार किया।मोरीगांव जिले की पुलिस अधीक्षक अपर्णा एन ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि गिरफ्तार दोनों आतंकियों के प्रतिबंधित संगठन एबीटी से संबंध हैं।पिछले महीने मोरीगांव जिला प्रशासन ने मोइराबारी में एक मदरसे को गिरा दिया था। जब पुलिस ने धार्मिक शिक्षण संस्थान के परिसर में एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था।आतंकी संगठनों से जुड़े होने



के आरोप में इमाम और मदरसा शिक्षकों सहित लगभग 40 लोगों की गिरफ्तारी के बाद अब तक राज्य प्रशासन ने राज्यभर में तीन मदरसों को ध्वस्त कर दिया।इसके अलावा, इस तरह के एक और शैक्षणिक संस्थान को स्थानीय लोगों द्वारा खुद ही गिरा दिया गया था, जब इससे जुड़े एक मौलवी को कथित राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए गिरफ्तार किया गया था।पिछले दिनों ऐसी खबरें थीं कि कुछ आतंकवादी धार्मिक शिक्षकों के वेश में राज्य में घुस आए थे और चुपचाप अपनी विध्वंसक और राज्य विरोधी गतिविधियों में आगे बढ़ गए थे।वहीं, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा था कि कुछ मदरसा प्रबंधन संस्था नहीं चला रहे हैं बल्कि एक आतंकवादी केंद्र चला रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा था, 'मैं (सभी मदरसों) का सामान्यीकरण नहीं करना चाहता, लेकिन जब कट्टरवाद की शिकायत आती है तो हम जांच करते हैं और उचित कार्रवाई करते हैं।

## हत्याकांड से जुड़े संदिग्ध 'आतंकी गिरोह' को लेकर एनआईए ने दिल्ली समेत कई जगहों पर की छापेमारी

(आधुनिक समाचार सेवा)


**नई दिल्ली।** पंजाबी गायक सिद्धू मूसे वाला की हत्या मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी सोमवार को देश के कई हिस्सों में छापेमारी की। समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि एनआईए की यह छापेमारी मूसेवाले की हत्या से जुड़े 'संदिग्ध आतंकी गिरोहों' के संबंध में की गई। एनआईए ने दिल्ली, एनसीआर, हरियाणा और पंजाब के विभिन्न स्थानों पर तलाशी की।मूसे वाला की हत्या के मामले में चंडीगढ़



पुलिस ने रविवार को अंतिम आरोपी शूटर दीपक मुंडी को उसके दो सहयोगियों के साथ पश्चिम बंगाल में भारत-नेपाल सीमा से गिरफ्तार किया था। मूसे वाला की नृशंस हत्या के मामले में अब तक पंजाब पुलिस ने 23 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है चंडीगढ़ पुलिस ने कहा कि आरोपियों को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वे नेपाल भागने की कोशिश कर रहे थे। गिरफ्तार किए गए अन्य दो लोगों की पहचान कपिल पंडित और राजिंदर उर्फ जोकर के रूप में हुई है। इस ऑपरेशन को पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने दिल्ली पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों के साथ संयुक्त रूप से अंजाम दिया। पंजाब पुलिस ने कहा, 'जैसे ही पंजाब पुलिस ने मामले में छठे और आखिरी शूटर को गिरफ्तार किया, पूरी साजिश और तौर-तरीके के साथ-साथ इन गैंगस्टरों के लिंक-अप का भी खुलासा हुआ हौ पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्य हत्यारे दीपक मुदी ने पंजाबी गायक पर अंधाधुंध गोलियां चलाई थीं।बता दें कि मूसे वाला हत्याकांड में कुल 35 लोग आरोपी हैं। इनमें से 23 को गिरफ्तार किया जा चुका है। दो को ढ़ेर कर दिया गया है। अन्य चार आरोपी देश से बाहर हैं और छह अभी भी फरार हैं।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले आज दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है भारत

नई दिल्ली, एजेंसी। वाराणसी जिला एवं सत्र न्यायालय ज्ञानवापी मस्जिद और उसके आसपास की भूमि के शीर्षक को चुनौती देने वाले



दीवानी मुकदमों की स्थिरता पर आज अपना फैसला सुनाएगा। इसे देखते हुए वाराणसी में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। साथ ही जिले में धारा 144 लागू की गई है। वहीं, राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या से जुड़े संदिग्ध आतंकी गिरोहों के संबंध में दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और पंजाब के विभिनन स्थानों पर छापेमारी की। चीफ जस्टिस यूयू ललित की अध्यक्षता वाली पीठ सीएए कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज सुनवाई करेगी। कुल 220 याचिकाओं में से 200 जनहित याचिकाएं हैं। इनमें कांग्रेसी नेता जयराम रमेश ने भी एक याचिका दायर कर रखी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सऊदी अरब की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा समाप्त की। उन्होंने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस, प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात की और क्राउन प्रिंस को जल्द से जल्द भारत आने का निमंत्रण दिया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि विदेश मंत्री ने रियाद में सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद से भी मुलाकात की और भारत-सऊदी अरब द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की और क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। सीएम अरविंद केजरीवाल दो दिवसीय यात्रा पर गुजरात में हैं उनके आगमन से पहले आप कार्यालय पर दो घंटे तक चली छापामारी की बात को अहमदाबाद पुलिस ने सिरे से नकार दिया है। अहमदाबाद पुलिस का कहना है कि पार्टी का आरोप बेबुनियाद है। भारतीय सेना रसद संगोष्ठी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में दुनिया इस तरह जुड़ी है जैसा पहले कभी नही था। इसमें भी रसद और आपूर्ति श्रृंखला की बड़ी भूमिका है। हम दुनिया के एक हिस्से में बैठकर दूसरे हिस्से की जानकारी प्राप्त करने के साथ कोई सामान भी मंगवा सकते हैं।

## राष्ट्रीय अधिवेशन में अजित पवार ने नाराज होकर छोड़ा मंच

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में सब कुछ ठीक नहीं लग रहा है। बड़े नेता अजित पवार पार्टी से खफा दिख रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने रविवार को पार्टी के शीर्ष नेताओं में से एक होने के बावजूद राकांपा की राष्ट्रीय सम्मेलन की बैठक को संबोधित नहीं किया। वह पार्टी सुप्रीमो शरद पवार के सामने बीच में ही निकल गए।**जयंत पाटिल के संबोधन से नाराज** दरअसल, पार्टी नेता जयंत पाटिल को उनसे पहले बोलने का मौका दिए जाने से वह नाराज हो गए और कुछ ही क्षण बाद अजित पवार मंच से चले गए, जिससे पार्टी में दरार की अफवाह फैल गई। एनसीपी सांसद प्रफुल्ल पटेल ने मंच पर घोषणा की थी कि शरद पवार की समापन टिप्पणी से पहले अजीत



पवार बोलेंगे लेकिन पूर्व उपमुख्यमंत्री अपनी सीट से गायब थे।गुस्साए कार्यकर्ताओं से बोले प्रफुल्ल- वाशरूम से वापस आ रहे बाद में कार्यकर्ताओं को नाराज होते देख प्रफुल्ल पटेल द्वारा यह घोषणा की गई कि अजीत पवार ने शौचालय जाने के लिए मंच छोड़ा है और वे जल्द ही वापस आकर संबोधित करेंगे। इस बीच नाराज कार्यकर्ता महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री के समर्थन में नारे लगाने लगे। **सुप्रिया सुले मनाने गईं** इसके बाद मामला बढ़ते देख राकांपा सांसद सुप्रिया सुले को अजित पवार को मनाने के लिए भेजा गया। वे अजित को मंच पर भाषण देने के लिए वापस आने के लिए समझाते हुए देखी गईं। लेकिन जब अजित पवार सभा स्थल में दाखिल हुए, तो शरद पवार ने अपना समापन भाषण शुरू कर दिया था। जिसके बाद अजित को बोलने का कोई मौका नहीं मिला।पीएम पद **के दावेदार नहीं शरद पवार** इससे पहले शनिवार को शरद पवार को अगले चार वर्षों के लिए राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (ल्झ्र) के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया। राकांपा के मुख्य प्रवक्ता महेश भारत तापसे ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि शरद पवार को सर्वसम्मति से फिर से पार्टी का अध्यक्ष चुना गया है। इस बीच पार्टी के महासचिव प्रफुल्ल पटेल ने यह घोषणा की है कि शरद पवार आम चुनाव में पीएम पद के उम्मीदवार नहीं होंगे।2019 में भाजपा से मिल गए थे अजित बता दें कि वर्ष 2019 में जब महाराष्ट्र में शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस अभी गठबंधन पर चर्चा कर रहे थे, भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने 23 नवंबर, 2019 को एनसीपी नेता अजित पवार के साथ सीएम के रूप में शपथ ले ली थी। दोनों ने सुबह के एक समारोह में शपथ ले ली थी लेकिन सरकार केवल 80 घंटे तक चल पाई।

# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षणार्थियो ने आज हिंद इलेवेटर का किया औद्ययोगिक् भ्रमण



(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** कार्यक्रम की सुरुवात प्रबंध निदेश क अजय शर्मा ने कम्पनी का इतिहास बता कर की इसके पश्चात प्रबंधक् प्रोडक्शन नवीन् ने लिफ्ट बनने की सभी मशीनो से प्रशिक्षरथि को रूबरू करवाया केंद्र के तरफ से कौसर खान् ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के विरोध में छात्रों ने लाइब्रेरी गेट पर तालाबंदी की

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि (इाा प्व) को लेकर पिछले कई दिनों से जारी आंदोलन सोमवार को उग्र हो गया है। विश्वविद्यालय के सभी छात्रावासों (प्द्वोते) से सैकड़ों की संख्या में अंतेवासी लाइब्रेरी गेट पर पहुंच गए। वहां मौजूद गार्डों को भगाकर गेट पर कब्जा कर लिया और ताला बंद करते हुए उस पर अपने बैनर, पोस्टर टांग दिए। मिला धार : आज सोमवार को आंदोलन और घेराव, प्रदर्शन का फैसला लिया गया था। तय कार्यक्रम के तहत सुबह 10:30 बजे छात्रों का जमावड़ा लाइब्रेरी गेट के आसपास होने लगा। इसके बाद एक-एक कर हास्टलों से भीड़ आ गई और लाइब्रेरी गेट पर पूरी तरह से छात्रों का कब्जा हो गया। छात्र गेट पर कब्जा कर के बैठे हुए हैं और पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर हालात को



समझाने में जुटे हुए हैं। अधिकारियों ने छात्रों को अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने और गेट पर आवाजाही बाधित न करने को कहा है। हालांकि छात्र पुलिस और प्रशासन की अपील को अनसुनी कर लाइब्रेरी गेट के पास धरने पर बैठे हुए हैं। इसकी वजह से गेट से आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालात को देखते हुए परिसर में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने मोर्चा संभाल लिया है फीस वृद्धि के विरोध में 15 दिनों से मुखर हैं छात्र : इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि को लेकर पिछले 15 दिनों से आंदोलन चल रहा है। छह दिन पहले संयुक्त छात्र संघर्ष समिति की ओर से आमरण अनशन शुरू कर दिया गया था। पांच छात्र आमरण अनशन पर बैठे थे। इनमें से दो छात्रों की तबीयत खराब होने के कारण अस्पताल ले जाना पड़ा था। हास्टलों के छात्रों की लाबी पहुंची तो आंदोलन को

आखिर विश्वविद्यालय प्रशासन ने क्यों साधी है चुप्पी : इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि वापस लेने की मांग पर चुप्पी साध रखी है। इससे भड़के छात्रों ने पिछले 5 दिनों से सभी छात्रावासों में कैंपेनिंग फीस वृद्धि के विरोध में लामबंद होने की अपील की थी।

## महाकुंभ 2025 की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हैं

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रयागराज। महाकुंभ 2025 की तैयारियों को लेकर आज प्रयागराज में महत्वपूर्ण बैठक हो रही है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य इस बैठक में शामिल हैं। बैठक शुरू हो चुकी है। डिप्टी सीएम केशव मौर्य महाकुंभ की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे हैं। इस बैठक पर सभी की निगाहें टिकी हैं। माना जा रहा है कि महाकुंभ के दौरान दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अतिरिक्?त सुविधाओं को बढ़ाने पर भी निणन्य लिया जा सकता है। बड़ी परियोजनाओं को मिल सकती है मंजूरी : यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य आज सोमवार को अधिकारियों की प्रयागराज मेला प्राधिकरण के मुख्यालय में बैठक ले रहे हैं। बैठक में कई बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी मिल सकती है तो कई प्रोजेक्ट के प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

# विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

## बात करने से बात बनती है की मुहिम को लोगों तक पहुंचाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** 10 सितंबर 2022 विश्वआत्महत्या रोकथाम दिवस परमोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय की नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ ईशान्या राज एवं मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट द्वारापीवीआर विनायक सिटी सेंटर में एक दिवसीय जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया मुहिम का शीर्षक रहा-ठक्योंकि बात करने से बात बनती है। लोगों को अपनी समस्याओं पर खुलकर बात करने की जरुरत है, इसलिए झिझक को छोड़कर बात करें। कार्यक्रम के अंतर्गत पीवीआर के प्रांगण में शिविर का आयोजन किया गया, जहां लीगल एक्सपर्ट मोहम्मद हसन जैदी, जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के जज एवं शालिनी सिविल जज हाई कोर्ट जैसे विशेषज्ञों द्वारा मेंटल हेल्थ केयर एक्ट, 2017 के बारे में लोगों को जानकारी दी गयी। डॉ इंदु कनौजिया अधीक्षक, मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय, डॉ पुष्पा पाल निर्देशिका एमजीएम हॉस्पिटल, झलवा डॉक्टर अनुराग वर्मा मनोचिकित्सक परामर्शदाता, मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे।विशेषज्ञों द्वारा उपस्थित लोगों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के निराकरण के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की अलग परिस्थिति होती हैं और हर समस्या का हल भी अलग होता है विशेषज्ञों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोग जो किसी भी परेशानी में थेऔर अभी तक बात नही कि थी उनके साथ चर्चा की गयीतथा मानसिक परेशानियों से ग्रसित लोगों को संबंधित सुविधाएं प्रदान की गयींतथा मानसिक स्वास्थ्य हेतु इलाज के लिए उनको प्रेरित किया गया अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीके मिश्रा द्वारा प्रयागराज में आत्महत्या रोकथाम को लेकर किये जा रहे प्रयासों के बारे में आम जनमानस को विस्तार से बताया गया। वियुवको में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति के बारे में बात की गयी। शिविर में डॉ प्रवीण , डॉ नागवेनि, अमित पांडे व टीम श्री सचिन सिंह व टीम श्री अभिनव पांडे व उनकी टीम के अनुराग वैश्य एवं मनीष मंगल पांडे द्वारा डॉ ईशान्या राज के साथ मिलकर यूथ आईकॉन के रूप में बैनर पोस्टर के सहारे, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के बारे में ,उसके इलाज के बारे में बताया गया । बैनर और पोस्टर के सहारे मानसिक स्वास्थ संबंधी कथनों को साझा किया गयात् कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हर्षवर्धन वाजपेई ,विधायक शहर उत्तरी रहे उन्होंनेप्रयागराज के लोगों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों व इलाज को लेकर आ रही दिक्कतों को जाना और कहा किसरकार की तरफ से इसमें बदलाव लाने के लिए तथा गांव के स्तर तक मानसिक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए हर संभावित कोशिशों पर अमल की जायेगी।



# इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद को माना राष्ट्रीय महत्व का मामला की होगी सुनवाइ

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** वाराणसी के ज्ञानवापी तथा श्रृंगार गौरी के विवाद पर वाराणसी की जिला अदालत में केस को लेकर सुनवाई के बीच में आज ही इलाहाबाद हाई कोर्ट में भी सुनवाई है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ज्ञानवापी विवाद को राष्ट्रीय महत्व का मामला बताते हुए एएसआइ के साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार से विस्तृत ब्यौरा मांगा है उत्तर प्रदेश शासन में अपर मुख्य के मुद्दे पर सरकार का पक्ष स्पष्ट नहीं किया गया है इसलिए केन्द्र व राज्य सरकारों से भी दस दिन में जवाबी हलफनामा मांगा है। कोर्ट ने राज्य व भारत सरकार के हलफनामे को स्केची करार दिया मंदिर पक्ष के अधिवक्ता अजय कुमार सिंह ने कहा था कि प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट में धार्मिक स्थान की प्रकृति बदलने पर रोक है। सिविल वाद में धार्मिक चरित्र बदलने की मांग नहीं की गई है।



सचिव गृह के साथ ही महानिदेशक आर्केलाजिकल सर्वे आफ इंडिया (एघ) की तरफ से सोमवार को हलफनामा दाखिल किया जाएगा। इस याचिका की सुनवाई न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया कर रहे हैं। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार व केन्द्र सरकार की तरफ से ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे को लेकर दाखिल हलफनामे को सही नहीं माना और अपर मुख्य सचिव गृह उत्तर प्रदेश और भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय से महानिदेशक आर्केलाजिकल सर्वे आफ इंडिया के मार्फत व्यक्ति गत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था। हाई कोर्ट ने केन्द्र और राज्य सरकार पर टिप्पणी भी कि ज्ञानवापी तथा श्रृंगार गौरी का तो राष्ट्रीय महत्व का मसला है जिन पर उनका हलफनामा गंभीर नहीं है। राज्य सरकार ने तो पैरा तीन से लेकर 47 तक में सिर्फ दो शब्द 'नो कमेंट' लिखा है। यहां पर सर्वे विवाद स्थान के धार्मिक चरित्र के निर्धारण का है जिसे साक्ष्य लेकर ही तय किया जा सकता है। इसलिए इस मामले में वह कानून लागू नहीं होगा। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद वाराणसी व अन्य की याचिका में अपर जिला जज वाराणसी के आदेश की वैधता व सिविल वाद की पोषणीयता पर सवाल उठाए गए हैं ज्ञानवापी मंदिर मस्जिद विवादित परिसर का सर्वे कराने के वाराणसी की अधीनस्थ अदालत के अंतरिम आदेश पर लगी रोक 30 सितंबर तक बढ़ा दी है। याचिका पर मंदिर पक्ष की तरफ से पूरक जवाबी हलफनामा दाखिल किया गया। याची अधिवक्ता ने इसका जवाब दाखिल करने के लिए दस दिन का समय मांगा। कोर्ट ने समय देते हुए अगली सुनवाई की तिथि 12 सितंबर नियत की।

# कोटेदार के बेटे ने जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण की,लोगों ने दी बधाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रतापगढ़।** विकास खंड लक्ष्मणपुर की ग्राम पंचायत हन्डौर के कोटेदार इंद्रमणि त्रिपाठी नीरज के बेटे हिमांशु त्रिपाठी में जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण करने पर लोगों ने हार्दिक बधाई दी हिमांशु त्रिपाठी ने हाई स्कूल की परीक्षा में 89.9ज्ञ् व इंटरमीडिएट की परीक्षा में 89ज्ञ् अंकों के साथ सफलता हासिल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था।उन्होंने अपने मेधा बल से जेईई एडवांस की परीक्षा में 6601 ऑल इंडिया रैंक हासिल की है।उनकी सफलता पर ग्राम प्रधान नीतेश सिंह बीरू,गुलाब मिश्र,अभय प्रताप सिंह मुनन, डॉ0दिवाकर शुक्ल, कंदर्प नारायण तिवारी,श्रीराम मिश्र,इशितखार अहमद छोटे,मो0कमाल आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। हिमांशु ने अपने शिक्षा-दीक्षा में अपने बाबा बृजेंद्र नारायण त्रिपाठी को प्रमुख श्रेय दिया है।




# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसूता की प्रसव के बाद हुई मौत, परिजनों ने किया रास्ता जाम, स्टाफ नर्स का सिर फोड़ा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा में प्रसव के बाद नवजात के जन्म के बाद प्रसूता महिला की मौत हो गई। मौत से नाराज परिजनों ने प्रयागराज बांदा राजमार्ग पर शव रखकर रास्ता जाम कर दिया। कौंधियारा के गोठी गांव निवासी रोहित कुमार पटेल अपनी गर्भवती पतने सुशीला पटेल 27 को प्रसव पीड़ा उठने के बाद शुक्रवार की रात लगभग 9:00 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा लाकर भर्ती करा दिया । सुशीला ने शनिवार की सुबह 8:00 बजे नवजात को साधारण तरीके से जन्म दिया। परिजनों का कहना है कि लगभग 2 घंटे बाद 10:00 बजे अचानक सुशीला की तबीयत खराब हो गई। इसके बाद स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों द्वारा सुशीला को एक सुई लगाई गई । इसके बाद उसकी मौत हो गई। वही स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों का कहना है कि डिलीवरी के वाद सुशीला का बीपी अचानक कम होने लगा। इसके बाद महिला को शहर के अस्पताल रेफर कर दिया गया । लेकिन परिजनों रस्तोगी नर्सिंग होम लेकर भागे हालत गड़बड़ देखते हुए नर्सिंग होम के डॉक्टर ने दिया जवाब अस्पताल के बाहर निकलने पर कुछ ही देर में महिला की हो गई मौत द्वारा स्टाफ नर्स विमला यादव ने बताया कि लगभग 45 मिनट तक सुशीला एंबुलेंस में तड़पती रही। अगर उसे शहर के अस्पताल ले जाया जाता तो वह बच सकती थी।अचानक सुशीला की मौत से गुस्साए परिजनों ने स्टाफ नर्स का सिर फोड़ा प्रसूता महिला की मौत के बाद महिला का इलाज कर रही स्टाफ नर्स विमला यादव को पीटकर घायल कर दिया स्टाफ नर्स ने बताया कि यह महिला का इलाज कर रही थी तथा प्रसव भी उसी ने कराया आगे बताया कि जब स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक एक कमरे में बैठी थी तभी अचानक कुछ लोग आए तथा कमरा को अंदर से बंद कर कुछ महिलाओं और किशोर ने मारा की जाए तिर्वा कान के पास उसे गंभीर चोट आई है घटना की सूचना पाकर सुशीला के मायके चितौरी गांव से भी दर्जनों की संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। तथा स्ट्रेचर सहित शव को प्रयागराज बांदा राजमार्ग पर रखकर रास्ता जाम कर दिया। राजमार्ग जाम होने की सूचना पर पुलिस के हाथ पांव फूल गए। तथा कई थानों की फोर्स के साथ एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित मौके पर पहुंचे तथा 2 घंटे तक समझाने के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार हो गए। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। तथा चक्काजाम समाप्त करा दिया। महिला का मायका जसरा के बगल स्थित चितौरी गांव में है।



# भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री एवं सांसद विनोद सोनकर जी के पिता का हुआ निधन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** 11 सितंबर प्रयागराज, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री एवं सांसद विनोद सोनकर जी के पिता अमर नाथ सोनकर का उनके निज आवास प्रीतम नगर आवास पर हुआ निधन जिनका अंतिम संस्कार दिनांक 12 सितंबर को दोपहर 12:00 बजे रसूलाबाद घाट में किया जाएगा उनके निधन पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की एवं परिजनों को दुख सहन करने की कामना की शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में अवधेश चंद्र गुप्ता, कमलेश कुमार,कुंज बिहारी मिश्रा, पार्षद किरन जायसवाल देवेश सिंह ,वरुण केसरवानी, राजेश केसरवानी विवेक अग्रवाल ,रामलोचन साहू,राजू पाठक, गिरजेश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, सचिन जायसवाल, सुभाष वैश्य, राजन शुक्ला , आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की।





# मुख्तार अंसारी से अनबन होने के बावजूद सांसद अतुल राय का अतीत पीछा नहीं छोड़ रहा, जरायम और सियासत का गठजोड़ पुराना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गाजीपुर।** वैसे तो जरायम और सियासत का गठजोड़ पुराना है। एक बार अगर यह दोनों करीब आ गए तो जिंदगी भर पीछा नहीं छूटता। कुछ यही हाल है मऊ के उन्होंने बसपा की टिकट पर जमानियां विधानसभा से चुनाव लड़कर सियासत में कदम रखा। हालांकि उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। इसके बाद वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में वह मऊ के घोसी राजनीतिक दखलअंजादी जिले से लेकर प्रदेश तक थी, चाहे सरकार किसी भी दल की क्यों न हो। एक समय ऐसा भी था कि अतुल के भाई पवन सिंह गांव के प्रधान रहे। इसके पीछे भी तर्क यह है कि तब



घोसी संसदीय सीट से बसपा सांसद अतुल राय का। बाहुबली मुख्तार अंसारी से अनबन होने के बावजूद अतुल राय का अतीत उनका पीछा नहीं छोड़ रहा है। शायद यहीं वजह रही है कि प्रशासन ने अतुल राय की दो करोड़ की जमीन भी गैंगस्टर एक्ट के तहत कमिशन्र के आदेश पर कुर्क कर दी। जिले के वीरपुर गांव निवासी जमींदार परिवार से ताल्लुक रखने वाले अतुल राय ने चंद वर्षों में राजनीतिक सफलता की सीढ़ियां चढ़ी है। वर्ष 2017 में लोकसभा संसदीय सीट से बसपा से चुनाव लड़े और सांसद बन गए। सियासी जानकारों का कहना है कि शुरुआती दौर में रेलवे का ठेका-पट्टा लेने के समय भले ही अतुल व मुख्तार एक-दूसरे के करीब आएं हो, लेकिन सदर से विधायक मुख्तार अंसारी खेमा नहीं चाहता था कि अतुल राय सांसद बनें और वह भी बसपा से। यह दीगर बात रही कि अतुल सांसद बनने में कामयाब हो गए। दरअसल, उस वक्त अंसारी परिवार की सत्ता में तूती बोलती थी। ठेका-पट्टा से लेकर उनका परिवार मुहम्मदाबाद से विधायक रहे अफजाल अंसारी का समर्थक था। सांसद बनने के बाद अतुल राय दुष्कर्म प्रकरण में जेल में बंद थे। हालांकि इस मामले में कोर्ट से वह बरी भी हो गए हैं। अतुल के जेल भेजे जाने के पीछे भी मुख्तार गैंग की साजिश मानी जाती है। इन सबको लेकर आज मुख्तार और अतुल राय के बीच 36 का आंकड़ा है, लेकिन सांसद अतुल राय की मुश्किलें कम होने के बजाए और बढ़ती ही जा रही हैं।

# घोसी से बसपा सांसद अतुल राय के गांव में पुलिस फोर्स और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में दो करोड़ की जमीन कुर्क

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गाजीपुर ।** मऊ जिले में संसदीय क्षेत्र घोसी से बसपा के सांसद और बीरपुर निवासी अतुल राय के विरुद्ध गैंगस्टर में कुर्की की तैयारी की रणनी?ति तैयार की। गाजीपुर में संसदीय क्षेत्र घोसी से बसपा सांसद एवं बीरपुर निवासी अतुल राय के कार्यवाही के लिए रवाना हो गई। गांव में सुरक्षा बलों की मौजूदगी में संपत्ति को कुर्क करने की कार्यवाही पूरी की जा रही है। पूरी हुई विधिक



गैंगेस्टर मामले में उनके पैतृक गांव वीरपुर में कुर्की की कार्यवाही की जा रही है। कुर्की की कार्यवाही के लिए सुबह नौ बजे से ही थाना परिसर में पुलिस बल के साथ अधिकारी पहुंचने लगे। दोपहर 12 बजे कुल दो करोड़ रुपये कीमत की जमीन को जिला प्रशासन की ओर से कुर्क कर लिया गया। इस दौरान ग्रामीण लोगों की भी काफी मौजूदगी रही। गाजीपुर में भांवरकोल थाना परिसर में थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय के साथ सीओ सिटी गौरव कुमार ने बैठक कर सांसद अतुल राय की विरुद्ध गैंगेस्टर के मामले में जिला प्रशासन की ओर से पूर्व में ही फैसला लिया जा चुका था। वाराणसी कमिश्नर से निर्देश मिलने के बाद जिला प्रशासन ने कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। इस बाबत रविवार का दिन कार्यवाही के लिए नियत किया गया था। इस मामले में अब रविवार को गाजीपुर जिले में उनके पैतृक गांव वीरपुर में कुर्की की कार्यवाही के लिए पुलिस अधिकारी सुबह भांवरकोल थाने में पहुंचने लगे। थाने में फोर्स की मौजूदगी सुनिश्चित करने के बाद पुलिस बल वीरपुर गांव कुर्की की कार्रवाई : राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंच कर, जमीन कब्जे में लेकर नोटिस बोर्ड लगाया है। गैंगस्टर एक्ट के 14(1) के जब्तीकरण के आदेश वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट ने जारी किए हैं। इस आख्?या के बाद गाजीपुर में पुलिस और प्रशासन ने विधिक कार्रवाई पूरी की है। सांसद अतुल राय की दो करोड़ की जमीन कुर्क : कमिशन्र वाराणसी के आदेश पर मऊ घोसी सांसद अतुल राय के पैतृक गांव बीरपुर में वाराणसी व गाजीपुर की पुलिस ने 1.418 हेक्टेयर जमीन कुर्क की है।

# गाजीपुर में सैनिकों के गांव 'गहमर' में रेल चक्काजाम करने रेलवे स्टेशन जा रहे 125 लोग गिरफ्तार


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गाजीपुर ।** पूर्व मध्य रेलवे दानापुर डिवीजन के सैनिक बहुल्य एशिया के बड़े गांवों में शुमार गहमर गांव



के रेलवे स्टेशन पर पूर्व में कुल 19 जोड़ी मेल, एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव होता था।कोविड-19 में सभी ट्रेनों का ठहराव निरस्त से न सिर्फ सवा लाख की आबादी वाले इस गांव सहित अन्य गांवों के लोगों को दुश्वारियों उठानी पड़ रही है, बल्कि शरहद पर तैनात सैनिको को गांव आने में परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं सुबह पुलिस ने गहमर के करीब 125 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी, एएसपी नगर सहित आला अधिकारियों की मौजूदगी में रेल चक्का जाम करने जाम करने निकले लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कोविड-19 के फेस चार में ट्रेनों का संचालन शुरु हुआ तो लोगों में आस जगा कि अब सभी ट्रेनों का ठहराव होगा। जिससे सवा लाख की आबादी के गहमर में भारतीय सेना में कार्यरत लगभग पंद्रह हजार सैनिकों को जो देश के विभिनन्न सीमाओं पर तैनात होकर देश सेवा करते हैं। कोई कारगिल तो कोई लद्दाख जैसे दुरुह जगहों पर अपनी कर्तव्य का निर्वहन कर रहा है। कई हजार सैनिक सेवानिवृत्त हैं उनके क्षेत्र में ट्रेनों का ठहराव नहीं किया गया। ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर स्थानीय गांव सहित क्षेत्रीय ग्रामीणों ने भूतपूर्व सैनिक सेवा संगठन के नेतृत्व में 10 दिसंबर2 020 को स्थानीय स्टेशन के सर्कुलेशन परिसर में धरना प्रदर्शन किया। जिसपर मुंबई व दिल्ली के लिए चार जोडी ट्रेनों का ठहराव किया गया। अन्य ट्रेनों को कोविड-19 काल समाप्त होने पर ठहराव किये जाने का आश्वासन दिया गया। कोरोना काल समाप्त होने पर पूरे देश में ट्रेनों का संचालन पूर्ववत बहाल कर दिया गया। लेकिन गहमर स्टेशन की ट्रेनों की ठहराव नहीं दिया गया।

# अगले माह लगेगा 'मुख्यमंत्री योगी' की काशी यात्रा का शतक श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में बाबा का 88 बार किया दर्शन-पूजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी ।** मंत्री हों या मुख्यमंत्री, आमतौर पर उनका जोर प्रदेश की राजधानी या अपने गृह जनपद पर अधिक होता है, लेकिन संत से सत्ता तक का सफर तय करने वाले गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ पहले मुख्यमंत्री हैं, जिनका झुकाव देश की सांस्कृतिक राजधानी काशी की ओर अधिक रहा। अपने दो टर्म के साढ़े पांच साल के कार्यकाल में मुख्यमंत्री का रिकार्ड 98 बार काशी आना हुआ। इस दौरान उन्होंने 88 बार श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में बाबा के दर्शन-पूजन किए। योगी का जिस तरह काशी आना होता है, उसे देखते हुए माना जा रहा है कि अगले माह तक 'मुख्यमंत्री योगी' की काशी यात्रा का शतक पूरा हो जाएगा। योगी आदित्यनाथ से पहले 21 लोगों ने मुख्यमंत्री पद संभाला। काशीवासियों को याद नहीं कि उनसे पहले किसी मुख्यमंत्री ने अपने पांच साल के कार्यकाल में पांच बार भी काशी की यात्रा की हो। रही बात श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन की तो यह चुनाव से पहले आशीर्वाद लेने से आगे कभी नहीं बढ़ा। वहीं, योगी की हर यात्रा काशी के विकास व नवनिर्माण को समर्पित रही। ज्यादातर बार उन्होंने कानून-व्यवस्था की समीक्षा की और परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया। प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र होने के नाते विकास कार्यों की गुणवत्ता व समयबद्धता की जिम्मेदारी भी संभाली। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम को नव्य-भव्य स्वरूप तो उनकी ही निगरानी में दिया गया। एक मुखिया की तरह हर बिंदु को जांचा परखा और श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से अंत तक संशोधन कराते रहे। पंचक्रोशी यात्रा पथ से लेकर पड़ावों तक का सुंदरीकरण व पावन पथ प्राथमिकता में रहा तो काशी की आत्मा को बचाए रखते हुए कायाकल्प से जुड़ी योजनाओं पर भी जोर रहा। उन्होंने वर्ष 2017 में छह, वर्ष 2018 में 22, वर्ष 2019 में 23, वर्ष 2020 में 13, वर्ष 2021 में 23 और वर्ष 2022 में नौ सितंबर तक 11 बार काशी दौरा किया।






# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्र:** सफल**प्रशिक्षणार्थियों** को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रिया:** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते **सभी** सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगें।
3. **आयु:** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करे:** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोट:** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पास:** सरकार द्वारा **विद्यार्थियों** के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्ति:** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www.nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथि: 15 सितंबर 2022
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपलबध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**
सम्पर्क सूत्रः– 7518828710, , 9415608710, 6386474074, 9415608790

# 7 साल बाद श्रीलंका के ड्रेसिंग रूम में दिखा ऐसा नजारा, जमकर नाची पूरी टीम



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एशिया कप 2022 को श्रीलंका के रूप में अपना चैंपियन मिल गया है। फाइनल मुकाबले में श्रीलंका ने एक चैंपियन साइड की तरह खेलते हुए पहले बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया और फिर गेंदबाजी के दम पर 170 के स्कोर को खूबसूरत तरीके से डिफेंड किया। 7 साल के लंबे अंतराल के बाद ऐसा हुआ है जब श्रीलंका की टीम मल्टी नेशन टूर्नामेंट में चैंपियन बनकर उभरी है। श्रीलंका की तरफ से इस जीत के हीरो रहे भानुका राजपक्षे जिन्होंने 71 और वानिंदू हसरंगा जिन्होंने 21 गेंदों पर 36 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में भी हसरंगा ने कमाल करते हुए एक ही ओवर में 3 विकेट झटके और पाकिस्तान की बल्लेबाजी की कमर तोड़कर रख दी। सामाजिक और आर्थिक हालात से जूझते श्रीलंका ने इस जीत के माध्यम से पूरे देश को खुशी मनाने का एक मौका दिया है। यही कारण है कि इस जीत को सड़क से होटल और फिर ड्रेसिंग रूम में भी खिलाडि़यों ने सेलिब्रेट किया। जीत के बाद श्रीलंका टीम की ट्वीटर हैंडल से एक वीडियो पोस्ट किया गया है जिसमें टीम के सभी खिलाडि़यों को जमकर नाचते हुए देखा जा सकता है। पूरी टीम इस पल को जैसे जी लेना चाहती है। पाकिस्तान के खिलाफ युवाओं से सजी श्रीलंका टीम के लिए यह जीत इतनी खास थी तो सेलिब्रेशन भी खूब होना बनता था। श्रीलंका टीम के खिलाडि़यों ने ड्रेसिंग रूम में डांस कर इस जीत को सेलिब्रेट किया। इसके साथ ही टीम ने केक काटकर इस जीत को एंज्वॉय किया। इस जीत के साथ ही श्रीलंका छठी बार एशिया कप का चैंपियन बना है और अब वह भारत के सर्वाधिक 7 टाइटल के खिताब से केवल एक कदम दूर है। एशिया कप में श्रीलंका की बात करें तो पहले मैच में उसे अफगानिस्तान के हाथों हार मिली थी लेकिन उसके बाद टीम ने लगातार 5 मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए एशिया कप की ट्रॉफी पर कब्जा किया। इस टीम की सबसे खास बात यह रही कि हर मैच में अलग-अलग मैच विनर सामने आए।

# गौतम गंभीर ने बताया कौन रहा पाकिस्तान की हार का विलेन


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आखिरकार 7 साल के लंबे अंतराल के बाद ही सही पर युवाओं से सजी श्रीलंका टीम ने पाकिस्तान को 23 रनों से मात देकर छठी बार एशिया कप का खिताब जीत लिया है। श्रीलंका की यह जीत इसलिए भी जरूरी है क्योंकि इस टूर्नामेंट के शुरुआत में कोई भी श्रीलंका को इसका दावेदार नहीं मान रहा था। लेकिन श्रीलंका ने बतौर टीम जिस तरह से खेल दिखाया उसने साबित कर दिया कि भले ही स्टार खिलाडि़यों की टीम नहीं है पर एक सुपरस्टार टीम जरूर है। श्रीलंका ने दुबई की पिच का ट्रेंड तोड़ते हुए पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट खोकर 170 रन बनाए और 171 रनों का लक्ष्य पाकिस्तान के सामने रखा और फिर पाकिस्तान के बल्लेबाजों को 147 रन के स्कोर पर ढेर कर दिया। पाकिस्तान की तरफ से सर्वाधिक 55 रनों की पारी मोहम्मद रिजवान ने खेली जबकि इफ्तिखार अहमद ने 32 रन बनाए। मैच के बाद भारत के पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने बताया कि आखिर किस वजह से कागज पर दिख रही मजबूत पाकिस्तान टीम की हार हुई। स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए गौतम गंभीर ने कहा कि मोहम्मद रिजवान और इफ्तिखार की बल्लेबाजी के कारण ही पाकिस्तान की हार हुई। उन्होंने कहा कि जिस तरह से धीमी बल्लेबाजी दोनों ने की उसके कारण आने वाले बल्लेबाजों पर दबाव बढ़ा और पूरी टीम बिखर गई। आपको बता दें कि रिजवान और इफ्तिखार ने तीसरे विकेट के लिए 59 गेंदों पर 71 रन जोड़े। इस दौरान रिजवान ने 49 गेंदों पर 55 रन जबकि इफ्तिखार ने 31 गेंदों पर 32 रन बनाए। इन दोनों की धीमी बल्लेबाजी का ही नतीजा था कि टीम के बाकी बल्लेबाजों पर दबाव बढ़ा और टीम बिखरते चली गई। ये दोनों जब बल्लेबाजी कर रहे थे तब पाकिस्तान को प्रति ओवर 9 रन बनाने थे लेकिन जब दोनों आउट हुए तो पाकिस्तान को प्रति ओवर 17 रन बनाने थे जिसका दबाव मीडिल ऑर्डर बल्लेबाज नहीं झेल पाए और पूरी टीम 147 बनाकर ढेर हो गई।





# श्रीलंका और वेस्टइंडीज लीजेंड्स ने जीते अपने-अपने मैच, ग्रीनपार्क में लगी रिकार्ड्स की झड़ी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज में दूसरे दिन दो मुकाबले हुए। पहला मुकाबला वेस्टइंडीज लीजेंड्स और बांग्लादेश लीजेंड्स के बीच हुआ और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बूते वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को छह विकेट से शिकस्त दी। वहीं, दूसरे मुकाबले में श्रीलंका लीजेंड्स ने पहले धमाकेदार बल्लेबाजी और टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला बांग्लादेश के लिए घातक साबित हुआ। टीम के दोनों ओपनर मात्र चार रनों पर पवेलियन लौट गए। निजानुद्दीन बिना खाता खोले कृषमर सांतोकी का शिकार हुए तो नाजमुस सादत तीन के निजी स्कोर पर रन आउट हो गए। मालीन इयान ब्रैक ने इसके बाद तुषार इमरान को छह रन पर चलता दोलर महमूद और कप्तान शहादत हुसैन को एक-एक रन पर आउट करके बांग्लादेश की पारी का अंत कर दिया। वेस्टइंडीज के देव मो. पांच रन बनाकर रज्जाक का शिकार हुए। वहीं, डेंजे हायत एक रन पर रनआउट हुए। वेस्टइंडीज की टीम के ड्वेन स्मिथ के 51 और क्रिक एड्वडर्स के 22 रनों के बदौलत मैच को छह विकेट से अपने नाम



फिर सधी गेंदबाजी के बदौलत आस्ट्रेलिया लीजेंड्स को 38 रनों से पराजित किया। श्रीलंका लीजेंड्स की ओर से बल्लेबाजी में कप्तान तिलकरत्ने दिलशान के शतक व दिलशान मुनावीरा के अर्धशतक के साथ नुआन कुलशेखरा ने चार विकेट लेकर आस्ट्रेलिया लीजेंड्स को पराजित करने में अहम भूमिका निभाई। श्रीलंका की ओर से ग्रीनपार्क में फटाफट प्रारूप का यह अब तक का सर्वाधिक 218 रनों का स्कोर बनाया गया। सीरीज के पहले मुकाबले में इंडिया लीजेंड्स ने 217 रन बनाए थे।पहले मैच में किया। फिर सुलेमान बेन ने आफताब अहमद को पगबाधा करार दिलाते हुए टीम को चौथी सफलता दिलाई। 57 रनों के स्कोर पर आलोक कपाली (19) के रूप में बांग्लादेश का पांचवां विकेट गिरा, जिसे देवेंद्र बिशू ने लिया। डेव मोहम्मद ने इसके बाद अबुल हसन और मोहम्मद शरीफ को तीन-तीन रन पर पवेलियन का रास्ता दिखाया।धीमान घोष और अब्दुर रज्जाक ने थोड़ी स्थिति जरूर संभाली इसके बाद बेन ने रज्जाक को 13 रनों पर आउट कर आठवीं सफलता दिलाई और सांतोकी ने कर लिया। बांग्लादेश लीजेंड्स की ओर से रज्जाक, डालर महमूद और आलोक ने वेस्टइंडीज का एक-एक विकेट लिया। दूसरे मुकाबले में श्रीलंका लीजेंड्स ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 218 रन बनाए। श्रीलंका की ओर से ओपनर तिलकरतने दिलशान ने 56 गेंदों पर 14 चौके और चार छक्कों की मदद से 107 रनों की शतकीय पारी खेली। फटाफट क्रिकेट में ग्रीनपार्क में खेली गई पहली शतकीय पारी भी रही।

# बाबर आजम के बुरे फॉर्म को लेकर गौतम गंभीर ने की टिप्पणी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एशिया कप 2022 (ॅं ग्लुज् 2022) में आज श्रीलंका का मुकाबला पाकिस्तान से होने वाला है। इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों बेहतरीन रही है। हालांकि, पाकिस्तान की सबसे बड़ी चिंता है बाबर आजम का बुरा फॉर्म। पाकिस्तान के कई बल्लेबाजों ने इस टूर्नामेंट में खूब रन बनाए लेकिन कप्तान बाबर आजम का बल्ला खामोश रहा। कप्तान बाबर आजम की फॉर्म पर भारतीय पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर (ठ्ठैल्स् ठ्ठैस्पे) ने भी टिप्पणी की है। गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स गेम प्लान के एक एपिसोड के दौरान कहा, 'श्रीलंका के गेंदबाज हसरंगा या थीक्षाना के खिलाफ बड़ी हिट खेल पाना आसान नहीं है। लेकिन पिछले मैच में श्रीलंका के खिलाफ बाबर आजम द्वारा खेले गए डॉट बॉल ने मुझे चौंका दिया। गंभीर ने कहा, '15 ओवर तक खेलने से आपको फॉर्म वापस नहीं मिलती। फॉर्म में आने के लिए अच्छे शॉट खेलने और रन बनाने की जरुरत है। गौतम गंभीर ने आगे कहा, 'इस समय बाबर आजम महान बल्लेबाजों में से एक हैं। इसके बावजूद अगर आप सिंगल और डबल्स के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो या तो आपका फॉर्म खराब है या आपका मानसिक पहलू यह है कि आप यह सोचकर आए थे कि आपको सिर्फ 15-20 ओवर खेलना है और आपको फॉर्म हासिल करना है। पाकिस्तान की टीम मोहम्मद रिजवान पर है निर्भरः गंभीर यह पूछे जाने पर कि क्या पाकिस्तान की बल्लेबाजी लाइन-अप उनके कप्तान बाबर आजम पर निर्भर है तो गंभीर ने बताया कि इस समय पाकिस्तान की टीम विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान पर अधिक भरोसा करती है। बता दें कि मोहम्मद रिजवान इस टूर्नामेंट के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। रिजवान ने पांच मुकाबलों में 226 रन बनाए हैं और इस सूची में विराट कोहली से पीछे हैं, विराट कोहली ने इस टूर्नामेंट में 276 रन बनाए हैं।



# श्रीलंका की जीत के बाद गंभीर ने किया ऐसा काम लोग कर रहे हैं तारीफ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए एशिया कप फाइनल के बाद मैदान में ऐसा नजारा देखने को मिला जो अक्सर नहीं देखा जाता है। दरअसल इस मैच में श्रीलंका ने पाकिस्तान को 23 रनों से हराकर छठी बार इस खिताब पर कब्जा जमाया। इस मैच में युवाओं से सजी श्रीलंका की टीम ने पाकिस्तान को हर डिपार्टमेंट में हराया, चाहे वह बल्लेबाजी हो, गेंदबाजी हो या फिर फील्डिंग। यही कारण है कि श्रीलंका की इस जीत को उनके फैंस के अलावा भी लोगों ने खूब एंज्वॉय किया। ऐसा ही एक नजारा तब देखने को मिला जब पूर्व भारतीय क्रिकेटर और इस मैच में कॉमेंट्री कर रहे गौतम गंभीर श्रीलंकाई फैंस के सामने श्रीलंका के झंडे को लहराते हुए दिखे। गंभीर ने ट्विटर पर अपने इस वीडियो को शेयर किया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है कि एक सुपरस्टार टीम जो इस जीत को डिजर्व करती थी। उनके इस पोस्ट के बाद लोग उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं। मैच की बात करें तो श्रीलंका ने टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए इस मैच में भानुका राजपक्षे के 45 गेंदों पर 71 ओर वानिंदू हसरंगा के 21 गेंदों पर 36 रनों की पारी की बदौलत 58 रन पर 5 विकेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए 6 विकेट खोकर 170 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 22 रनों के स्कोर पर उसने बाबर आजम और फखर जमां का विकेट गंवा दिया। तीसरे विकेट के लिए रिजवान और इफ्तिखार ने जरूर 71 रनों की साझेदारी की लेकिन उसके बाद कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं सका और पूरी टीम 147 रन बनाकर आउट हो गई। श्रीलंका की तरफ से अपना दूसरा टी20 मैच खेल रहे प्रमोद मदुशन ने 4 और वानिंदू हसरंगा ने 3 विकेट हासिल किए और पाकिस्तान को वापसी करने का मौका नहीं दिया।




# साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में रोहित नहीं शिखर होंगे कप्तान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एशिया कप में खराब प्रदर्शन के बाद टीम इंडिया के सामने आगामी टी20 वर्ल्ड कप में अपनी परफैक्ट इलेवन की तलाश पूरी करने की बड़ी जिम्मेदारी होगी। वर्ल्ड कप से पहले टीम को ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका की टीम के खिलाफ उतरना है और बीसीसीआइ की सूत्रों के हवाले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज में रोहित के स्थान पर शिखर धवन टीम इंडिया का नेतृत्व करेंगे। उक्त जानकारी बीसीसीआइ सूत्र ने एएनआई से बात करते हुए दी। सूत्रों के हवाले से कहा गया कि ऐसा टी20 वर्ल्ड कप में शामिल खिलाडि़यों को आराम देने के कारण किया जाएगा। आइसीसी टी20 वर्ल्ड का 8वां सीजन ऑस्ट्रेलिया में 16 अक्टूबर से 13 नवंबर के बीच खेला जाएगा। इसके अलावा, वीवीएस लक्ष्मण मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की अनुपस्थिति में बतौर कोच टीम के साथ जुड़ने की संभावना है। टी20 वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की टी20 और वनडे सीरीज खेलेगी। पहले 3 टी20 मैच खेले जाएंगे जिसकी शुरुआत 28 सितंबर से हो जाएगी। पहला ऊ20घ् 28 सितंबर को तिरुवनंतपुरम में आयोजित किया जाएगा। दूसरा ऊ20घ् 2 अक्टूबर, 2022 को गांधी जयंती पर गुवाहाटी में जबकि 4 अक्टूबर को इंदौर में अंतिम ऊ20घ् होगा। इसके बाद 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी जिसकी शुरुआत 6 अक्टूबर को लखनऊ में होगी जहां शिखर धवन टीम का नेतृत्व करेंगे। रांची और दिल्ली क्रमशः 9 और 11 अक्टूबर को दूसरे और तीसरे वनडे की मेजबानी करेंगे। इससे पहले टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज भी खेलेगी जिसकी शुरुआत 20 सितंबर से हो रही है। एशिया कप में सुपर 4 में हुए थे बाहर टी20 वर्ल्ड कप से पहले टीम एशिया कप में सुपर 4 स्टेज में लगातार दो हार झेलकर एशिया कप से बाहर हो गए थे। टीम पहले श्रीलंका से हारी और फिर पाकिस्तान से हार कर बाहर हो गई थी। ऐसे में टी20 वर्ल्ड कप से पहले टीम के पास साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी लय हासिल करने का आखिरी मौका है।



# विराट कोहली को पीछे छोड़कर एशिया कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने मो. रिजवान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एशिया कप 2022 के फाइनल मुकाबले में एकबार फिर मोहम्मद रिजवान ने अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 49 गेंदों पर 55 रनों की पारी खेली लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। 171 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम केवल 147 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। रिजवान की पारी भले ही पाकिस्तान के काम न आई हो लेकिन उन्होंने 55 रन की पारी के साथ इस टूर्नामेंट में विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया। रिजवान ने श्रीलंका के खिलाफ इस टूर्नामेंट का तीसरा अर्धशतक लगाया। उन्होंने इस टूर्नामेंट में कुल 281 रन बनाए एशिया कप 2022 में मो. रिजवान ने टीम के लिए शानदार बल्लेबाजी की और 6 मैचों की 6 पारियों में 56.20 की औसत से 281 रन बनाए। उन्होंने तीन अर्धशतक के साथ ये रन बनाए और 21 चौके व 6 छक्के भी लगाए। रिजवान का स्ट्राइक रेट 117.57 का रहा साथ ही उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 78 रन रहा। वहीं विराट कोहली इस टूर्नामेंट में रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर खिसक गए जो पहले नंबर पर थे। कोहली ने भारत की तरफ से 5 मैचों की 5 पारियों में 92.00 की औसत से 276 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान एक शतक और 2 अर्धशतक भी लगाया। कोहली इस टूर्नामेंट में शतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे साथ ही उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 122 रन रहा। एशिया कप 2022 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप तीन बल्लेबाज- मो. रिजवान- 281 रन विराट कोहली- 276 रन इब्राहिम जारदान- 196 रनरिजवान के लिए एशिया कप 2022 का सफर शानदार रहा, लेकिन उनकी टीम खिताबी जीत हासिल नहीं कर पाई। फाइनल मैच में श्रीलंका ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 170 रन बनाए, लेकिन पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 147 रन पर ऑल आउट हो गई और उसे 23 रन से हार मिली। इस हार के साथ ही पाकिस्तान की टीम का तीसरी बार एशियाई चैंपियन बनने का सपना टूट गया।



# राशिफल

**मेष-:** स्वास्थ्य संबंधी समस्या निकट है, इसलिए नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें और विश्वास करें कि इलाज से पहले सावधानी बरतना बेहतर है

**वृष-:** आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहेगा। आज आपके रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी। आज आप अपने मन के अनुसार निर्णय लेंगे।

**मिथुन-:** आज का दिन भावनात्मक रहेगा. आप खुद को अपनी अंतरतम भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थिति में भी पा सकते हैं। घरेलू काम थकाने वाले होंगे।

**कर्क-:** जीवनसाथी का प्यारा व्यवहार आपका दिन खुशनुमा बना सकता है. आज अपने ख़र्चों पर नियंत्रण रखें से ख़र्च करने से बचें। भावनात्मक रूप से जोखिम उठाना आपके पक्ष में जाएगा।

**सिंह-:** आज आप जिस काम को पूरा करना चाहते हैं वह आसानी से पूरा हो जाएगा. किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने पर बधाई देने के लिए लोगों का आना-जाना रहेगा।

**कन्या-:** आज आप सभी परेशानियों और चिंताओं को पीछे छोड़कर अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताना चाहेंगे. आज आपका जाता हुआ दिखाई देगा जिसके बारे में आपने सोचा भी नहीं होगा।

**तुला-:** किसी मित्र की उदासीनता आपको परेशान करेगी. लेकिन अपने आप को शांत रखें। इसे समस्या न बनने दें और इससे बचने की कोशिश करें।

**वृश्चिक-:** आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। जिन चीजों के लिए आप लंबे समय से प्रयास कर रहे थे, आज वो पूरी होने वाली हैं। जो प्रयास आपने अपनी ओर से व्यर्थ समझे थे।

**धनु-:** आज भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर रुझान बढ़ेगा. जीवनसाथी के साथ वैचारिक मतभेद रहेंगे। आत्मबल में वृद्धि होगी। पारिवारिक समस्याओं से आज विचलित हो सकता है।

**मकर-:** खुद पर हद से ज्यादा दबाव न डालें और पर्याप्त आराम करें. रियल एस्टेट से जुड़े निवेश आपको अच्छा मुनाफा देंगे। आपका अडियल रवैया घर में लोगों का दिल दुखा सकता है।

**कुंभ-:** आज आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रहेगा, मंदिर जाने या कोई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना सकते हैं. आज आपको खुशी पाने के लिए अपने स्वभाव में थोड़ा लाने की जरूरत है

**मीन-:** आज आपको कार्यक्षेत्र में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होगी. परिवार और जीवन साथी का सहयोग मिलने की संभावना है। हालांकि छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़

## सम्पादकीय

# किसी से न डरने वाले आंदोलनवीर, और अग्निवीरों की भर्ती करने की क्या जरूरत

देश में कुछ खुशकिस्मत ऐसे भी हैं जिन्हें पनपने, फलने-फूलने के लिए किसी सहारे की जरूरत नहीं। वे पैदायशी निडर होते हैं। कानून की कुल्हाड़ी उनकी जड़ पर जितनी गहरी चोट करती है, उनकी हिम्मत उतनी ही बढ़ती जाती है। पूरा देश मुंह बाए उनकी काली करतूतों को उजागर होते देखकर उम्मीद लगाता है कि अब वे त्राहिमाम की टेर लगाते हुए किसी अंधेरे कोने में मुंह छिपाते नजर आएंगे, लेकिन उनकी प्रतिक्रिया ठीक उलटी होती है। वे शहरों के मुख्य चौराहों पर पालथी मार कर बैठ जाते हैं और झूठी अकड़ की जीती-जागती प्रतिमा बन जाते हैं। वे कभी संसद तो कभी विधानसभा के सामने प्रतिष्ठित महात्मा गांधी की मूर्ति के सामने खड़े होकर बापू को सत्य और अहिंसा के बोझ से झुके देखकर आश्चर्य करते हैं कि वह उनकी तरह निडर क्यों न हुए फिर उस मूर्ति के सामने संवाददाताओं की भीड़ इकठ्ठा करके वे दहाड़ने लगते हैं- बापू को छोड़ो, हम जैसों को देखो, जो किसी से नहीं डरते।शास्त्रीय संगीत के बड़े-बड़े गायक तार सप्तक में तान सुनाते हुए जब अपनी आंखें मूंद लेते हैं तो उनके अपने स्वर उनके दिलोदिमाग पर छा जाते हैं। वे स्वरब्रह्म के नाद में लीन हो जाते हैं तो उन्हें और कुछ दिखना बंद हो जाता है। उसी तरह अपनी दहाड़ की अनुगूंज पर रीझे हुए इन जांबाजों को समाचार पत्रों के पहले पृष्ठ पर सुखिर्यों के साथ प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के छापों में मिले करोड़ों रुपये के बंडल और हीरे-मोती जड़े स्वर्णाभूषणों के जखीरों की तस्वीरें दिखनी बंद हो जाती हैं।समाचार चैनलों द्वारा टीवी स्क्रीन पर दिन-रात दिखाई जा रही महानगरों के सबसे महंगे लक्जरी फ्लैट की दीवारों पर लटके उनके और उनके छोटे-मोटे कारिंदों के नाम की तख्तियां उन्हें चतुर बुनकरों द्वारा बुने जा रहे तथाकथित पारदर्शी वस्त्र की तरह दिखाई नहीं देतीं, भले हर बच्चा चीख कर कह रहा हो कि राजा नंगा है। व्हीलचेयर में बैठकर भी उनके होंठों पर एक ही नारा होता है, 'हम किसी से नहीं डरते।' वे अपने इर्दगिर्द अपने जैसी ही भीड़ इकट्ठी करने में सिद्धहस्त होते हैं।उनके चेलों और किराये के टट्टुओं की भीड़ भी बेधड़क होती है। वह पुलिस द्वारा खड़ी की गई बैरिकेड पर चढ़ जाती है और उसे तोड़ती है। बसों और रेलगाड़ियों को फूंक डालती है। निजी और सरकारी संपत्तियों को तहस-नहस करने में कोई भेदभाव नहीं बरतती। 'हम किसी से नहीं डरते' का मंत्र जपती हुई इस भीड़ को सेना में भर्ती करके चीन के साथ लगने वाली देश की सीमाओं पर भेजा जाता तो शायद डोकलाम और गलवन घाटी में चीनी सैनिक एक-एक कदम फूंककर उठाते। जब इतनी बड़ी संख्या में आंदोलनवीर उपलब्ध हैं तो और अगिन्वीरों की भर्ती करने की क्या जरूरत, यह रक्षा मंत्रालय के लिए एक मौजूं सवाल है अगिन्पथ पर चलने वाले इन साहस के पुतलों के दिल केवल अपनी निजी समृद्धि बढ़ाने के लिए धड़कते हैं। अपने दिल की धड़कन के आगे उन्हें किसी कानून, कोर्ट, कचहरी की पुकार नहीं सुनाई पड़ती। काश इन बेधड़क खिलाड़ियों को कामनवेल्थ खेलों में भाग लेने के लिए भेजा जाता। वहां हर तरह की बाधा दौड़ के ऊपर से ऊंची छलांग मारने के प्रयतन में वे चोटिल हो जाने पर भी अपनी हार कभी नहीं मानते। ऐसी अद्भुत बहादुरी और मानसिक बल का प्रदर्शन करके वे जाने कितने स्वर्ण पदक लाते। अफसोस कि निजी संपदा के अर्जन में माहिर इन बेधड़क वीरों के दिल कामन वेल्थ अर्थात साझा संपदा के लिए धड़कना नहीं जानते। ईडी अपनी आवाज को भरसक सुरीली बनाकर उनसे कहता रहता है, 'दिल धड़क-धड़क के कह रहा है आ भी जा, तू मुझसे आंख ना चुरा, तुझे कसम है आ भी जा', लेकिन वे सौ बहाने बनाकर उससे दूरी बनाए रखते हैं। अंततः जब अदालतों के आदेश के सहारे ईडी उन्हें अपने आगोश में बांध पाती है तो उसके नागपाश में बंधे-बंधे भी उनके होंठों से बस एक ही बात निकलती है कि वे बेधड़क हैं। वे किसी से डरते नहीं, क्योंकि जो डर गया सो मर गया।

# बेहतर भविष्य के लिए चाहिए अतीत से मुक्ति, कोई भी मत, मजहब, रिलीजन संविधान से ऊपर नहीं

सवोच्च न्यायपीठ में हिजाब पर रोक के विरुद्ध सुनवाई चल रही है। कुछ मुस्लिम छात्राओं ने स्कूलों में हिजाब पहनने पर रोक को चुनौती दी है। कर्नाटक हाई कोर्ट ने स्कूलों में हिजाब पर प्रतिबंध के आदेश को सही बताया था। यह भी कहा था कि हिजाब इस्लाम का अभिनन अंग नहीं। इससे पहले महिलाओं के लिए त्रासद रहे तीन तलाक पर भी मुकदमेबाजी हुई थी। मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तीन तलाक को आस्था का विषय बताते हुए कहा था कि तीन तलाक 1400 साल से चली आ रही प्रथा है और आस्था के विषयों पर संवैधानिक नैतिकता एवं समानता का सिद्धांत नहीं लागू होता। पीठ के पास पवित्र कुरान का अंग्रेजी अनुवाद था। उसकी ओर से प्रशन आया कि यह प्रथा तो कुरान में नहीं है। तब सिब्बल ने कहा था कि इस्लाम के आरंभ में कबीलाई व्यवस्था थी। यह बात सही है। दुनिया की सभी समाज व्यवस्थाएं विकास के प्रथम चरण में कबीलाई थीं। मानव सभ्यता के प्रथम चरण में जीवन धीरे-धीरे सामूहिक हो रहा था। सभी समाजों में अंधविश्वास थे। वे सभी सामाजिक विकास की तमाम मंजिलें पार करते हुए पुराने अंधविश्वासों से मुक्त होते रहे। यूरोपीय समाज ने अपनी दार्शनिक चेतना प्राचीन यूनान से पाई। सुकरात ने देव आस्थाओं को जानने पर जोर दिया। उन्हें मृत्युदंड मिला। शिष्य प्लेटो ने सुकरात के विचार का विकास किया। अन्य सभ्यताओं की तरह यूरोप में भी सामंतवाद था। यह विकसित होकर राजतंत्र बना। महिलाओं की स्थिति खराब थी। लाखों निर्दोष महिलाओं को डायन बताकर सार्वजनिक रूप से मारा गया। मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड ने अदालत में कहा था कि पुरुषों में निणन्य लेने की क्षमता महिलाओं से बेहतर होती है। यह आपत्तिजनक वक्तव्य है। महिलाएं सभी क्षेत्रों में अहम भूमिका निभा रही हैं। यूरोपीय पृथ्वी की गतिशीलता का तथ्य नहीं जानते थे। गैलीलियो ने बताया कि पृथ्वी गोल है। उनका उत्पीड़न हुआ। पंथिक गुरु पृथ्वी को चपटी मानते थे। कापरनिकस के निष्कर्षों से प्राचीन मान्यताएं धाराशाई हो गईं। सामाजिक विकास के क्रम में यूरोपीय भी वैज्ञानिक तथ्य मानने लगे। पुरानी मान्यताएं कालबाह्य हो गईं। भारत के वैदिक समाज में गण समूह थे। प्राचीन काल में समुद्र के पार की यात्रा वर्जित थी। कौडिन्य जैसे लोगों ने संस्कृति और दर्शन का विचार लेकर समुद्र पार की यात्रा की।



वास्तव में आदर्श समाज नदी के समान प्रवाहमान रहते हैं। कालबाह्य छोड़ते रहते हैं। काल संगत अपनाते हैं। रिलीजन, पंथ या मजहब से जुड़े ग्रंथ अपने उद्भव के समय के उपयोगी विचार हो सकते हैं, लेकिन हजार-दो हजार वर्ष पुरानी मान्यताओं के आधार पर आदर्श समाज का पुनर्गठन नहीं हो सकता। वैदिक समाज के प्रारंभिक चरण में वर्ण व्यवस्था नहीं थी। उत्तर वैदिक काल में वर्ण व्यवस्था दिखाई पड़ती है। इसी समय उपनिषद के ऋषियों ने तमाम सामाजिक रूढ़ियों पर हमला किया। बाद में जातियां बनीं। कुछ प्राचीन ग्रंथों में जातिभेद के उल्लेख है। इसका विरोध हुआ। भक्ति आंदोलन की प्रेरणा यही प्रथाएं थीं। बुद्ध, शंकराचार्य, नागार्जुन आदि ने नया दर्शन दिया। स्वामी दयानंद ने धार्मिक रूढ़ियों को चुनौती दी। राजा राममोहन राय ने सती प्रथा के विरुद्ध अभियान चलाया। गांधी, आंबेडकर और डा. हेडगेवार आदि ने अपने-अपने ढंग से भारत की सामाजिक चेतना को गतिशील बनाने का काम किया। बेशक हिंदू जीवन में भी आस्था के तमाम विषय हैं, लेकिन यहां आस्था पर भी बहस की परंपरा है। तर्क और विमर्श में जो काल संगत है, वही सर्वस्वीकार्य है। आस्था बुरी नहीं होती, किंतु उसका आचरण और व्यवहार देशकाल के अनुरूप ही होना चाहिए। भारत में आस्था पर भी सतत संवाद की परंपरा है। सतत संवाद से समाज स्वस्थ रहता है और गतिशील भी। यूरोपीय समाज ने आस्था और विश्वास के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण को महत्ता दी है। यही स्थिति अन्य विकसित देशों की है। निःसंदेह सभी पंथिक ग्रंथों में तमाम उपयोगी ज्ञान भी हैं। परिस्थिति के अनुसार उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए, लेकिन आज के परिवेश में हम डेढ़-दो हजार वर्ष प्राचीन सामाजिक प्रथाओं में नहीं जी सकते। इतिहास अतीत होता है। अतीत व्यतीत होता है, मगर जीवन का मुंह भविष्य की ओर होता है। आधुनिक तकनीकी से जानकारियों का विस्फोट हुआ है। दुनिया में प्राचीन मान्यताओं पर विचार-विमर्श हो रहे हैं। जीवन प्रतिपल नया है। चुनौतियां नई हैं और समस्याएं भी। आज के जीवन में देशकाल के सापेक्ष विचार आवश्यक हैं। अपनी विकास यात्रा में मनुष्य ने बहुत कुछ छोड़ा है। कालबाह्य रूढ़ियां छोड़ी हैं। तमाम पंथिक अंधविश्वास भी छोड़े हैं। अंधविश्वास अचेत मन का परिणाम थे। भारत के मनुष्य ने आस्थामूलक धर्म की भी पड़ताल की है। गीताकार ने धर्म के पराभव को ध्यान से देखा और स्वीकार किया है। गीता में इसे धर्म की ग्लानि कहा गया है। श्रीकृष्ण ने गीता में कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा काल के प्रभाव में नष्ट हो गई और अर्जुन से कहा कि वही ज्ञान मैं तुमको दे रहा हूं।संप्रति धर्म, मजहब और रिलीजन से जुड़े विषयों पर न्यायपालिका का दरवाजा खटखटाने की आदत बढ़ी है। विद्वान न्यायाधीश ऐसे विषयों की सुनवाई करते हुए संबंधित पंथ के पवित्र ग्रंथों का सहारा लेते हैं। न्यायपालिका संवैधानिक एवं विधिक विषयों के निर्वचन का केंद्र है। पंथिक आस्था के विषयों पर संविधान और विधि के अनुसार निर्वचन में प्रायः कठिनाई आती है। इस्लामी परंपरा में तमाम अपराधों के लिए सार्वजनिक रूप से दंडित करने का उल्लेख है। क्या इसी प्रथा को लेकर दंड प्रक्रिया संहिता संशोधित हो सकती है? उन्हें दंड संहिता स्वीकार्य है। समान नागरिक संहिता क्यों नहीं? मान लीजिए कि तीन तलाक का उल्लेख कुरान में होता, तब संविधान के अनुरूप निणन्य में कठिनाई आती। संविधान राष्ट्रधर्म है। कोई भी मत, मजहब, रिलीजन संविधान से ऊपर नहीं है। पंथिक मजहबी मामलों में भी संविधान के अनुसार निणन्य अपेक्षित रहता है। आस्था के विषयों पर भी संवैधानिक प्रविधानों की परिधि में विचार होना चाहिए। माननीय न्यायालयों द्वारा तथ्य खोजने के क्रम में पंथिक मान्यताओं को खंगालना उचित नहीं प्रतीत होता। उन्हें पंथ-मजहब की मान्यताओं के आधार पर सुनवाई से बचना चाहिए।



# भावी पीढ़ी पर मंडराता खतरा परिवार, स्कूल एवं समाज में निरंतर संवाद के अभाव से दबाव में बच्चे

कोरोना के प्रभाव को लेकर देश में विगत दो वर्षों में अनेक सर्वेक्षण हुए, जिनके निष्कर्ष बताते हैं कि इसने देश के आम जनजीवन के साथ शिक्षा, शिक्षण और छात्रों को भी काफी हद तक प्रभावित किया है। छात्र चूंकि संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था के आधार स्तंभ हैं, इसलिए उन पर पड़ने वाला प्रभाव देश और समाज को भी प्रभावित करता है। इसी संदर्भ से जुड़ा एक प्रमुख सर्वेक्षण राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा देश के 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 3.79 लाख छात्रों पर किया गया है। यह सर्वेक्षण एनसीईआरटी की मनोदर्पण इकाई द्वारा जनवरी-मार्च 2022 में कक्षा छह-आठ तथा नौ-12 के छात्रों के बीच दो श्रेणियों में किया गया था। इसमें सामने आया कि देश के 33 प्रतिशत यानी एक तिहाई छात्र परीक्षा और उसके परिणाम की चिंता को लेकर हमेशा दबाव में रहते हैं। 51 प्रतिशत छात्र आज भी आनलाइन पढ़ाई में कठिनाई महसूस करते हैं। 81 प्रतिशत छात्र पढ़ाई, परीक्षा और परिणाम को लेकर अधिक चितिंत रहते हैं। हालांकि 73 प्रतिशत छात्र स्कूली जीवन से संतुष्ट दिखाई दिए। बदलाव के साथ समायोजन को लेकर 43 प्रतिशत छात्रों ने अपनी सकारात्मक सहमति जताई। वहीं 45 प्रतिशत छात्र शारीरिक छवि को लेकर तनाव से ग्रस्त पाए गए। यहां छात्रों ने यह भी स्पष्ट किया कि वे अपने इस तनाव प्रबंधन के लिए योग एवं ध्यान के साथ-साथ अपने सोच में बदलाव करने और जर्नल्स लिखने जैसे माध्यमों का प्रयोग करते हैं। इसके अलावा बच्चों में इस मैकाले शिक्षा व्यवस्था के जरिये पनपने वाली कुंठा और ईर्ष्या के चलते शिक्षा के मंदिरों में हिंसा की घटनाएं भी किसी से छिपी नहीं हैं। वास्तव में बच्चों पर इस मानसिक दबाव के लिए इस शिक्षा प्रणाली के साथ-साथ परिवार और समाज का प्रतिस्पर्धी माहौल भी कम दोषी नहीं है। भारतीय सामाजिक ढांचे में आ रहे सतत बिखराव, संयुक्त परिवार प्रणाली का विखंडन, नगरों में मां-बाप दोनों का कामकाजी होने जैसे कारणों से बच्चे परिवारों में लगातार उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं। पूर्व में संयुक्त परिवारों में दादा-दादी, नाना-नानी एवं परिवार के अन्य बड़े सदस्य बच्चों में इस प्रकार के बाहरी दबाव को सहन करने में उनके लिए 'शाक एब्जार्वर' की भूमिका निभाते थे। साथ ही बच्चों के समक्ष पढ़ाई जैसे दबाव से जुड़ी विषम परिस्थितियों को संभाल लेते थे, परंतु वर्तमान में एकल परिवार बच्चों में पनप रहे मानसिक दबाव के इस मनोविज्ञान को संभालने में स्वयं को असमर्थ पा रहे हैं। वे बच्चों को संवेदनापूर्ण संरक्षण नहीं दे पा रहे हैं। कोरोना के बाद तो स्थिति और बिगड़ी है। आज स्थिति यह है कि बच्चों की शारीरिक एवं मानसिक स्थिति को जाने-समझे बिना मां-बाप का ध्यान परीक्षा अथवा प्रतियोगिता में बच्चों की प्रोगेसिव रिपोर्ट पर रहता है। इस संदर्भ में सामान्य अवलोकन यह है कि बच्चे यदि परीक्षा में बेहतर नहीं कर पाते तो मां-बाप बच्चों के प्रति उपेक्षा का भाव रखने लगते हैं। उपेक्षा का यही भाव धीरे-धीरे बच्चों को गहरे अवसाद में ले जाता है। मनोचिकित्सकों का भी मानना है कि स्वयं को आत्महत्या की ओर ले जाने वाले बच्चे गहरे अवसाद के शिकार होते हैं। यह अवसाद किसी असफलता, अप्रत्याशित त्रासदी अथवा टापर बनने के सिंड्रोम से जुड़ा है। निरंतर प्रताड़ना बच्चों को गहरे अवसाद और निराशा से जुड़ी हीनभावना की ओर ले जा रही है। सही मायने में परिवार, स्कूल एवं समाज में बच्चों से निरंतर संवाद का अभाव उन्हें खुद को दबाव से अवमुक्त नहीं कर पा रहा है आज 21वीं शताब्दी के वैश्विक दौर में करियर को लेकर घमासान मचा है, वहीं हम अभी अपने छात्रों को इस शिक्षा पद्धति से उपजने वाले तनाव से बाहर भी नहीं निकाल पा रहे हैं। यही वजह है कि जब परीक्षाएं शुरू होती हैं तो छात्रों पर बढ़ने वाले तनाव की खबरें सुखिर्यों में आने लगती हैं। अब इस शिक्षा पद्धति के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि ऐसा पाठ्यक्रम बने जो छात्रों के स्वभाव के अनुकूल हो तथा जो उनकी अनुकूलता के आधार पर उनमें कौशल विकसित करते हुए उनके करियर का निर्माण करे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई अवसरों पर कहा है कि बच्चे भविष्य के वट वृक्ष हैं और अगर अब इनके व्यक्तित्व का तनावरहित निर्माण नहीं किया गया तो भविष्य में हमें कहां से देश और समाज का संचालन करने वाले अच्छे लोग मिलेंगे। आशा है कि नई शिक्षा नीति के विधिवत रूप से लागू होने के बाद कक्षा में पाठ्यक्रम पढ़ाने के साथ-साथ बालक की अंतर्निहित शक्तियों को विकसित करने के सघन प्रयास किए जाएंगे। दरअसल, भारत में शिक्षा ज्ञान की प्रतिष्ठा और ज्ञान की व्यवस्था से सीधे संबद्ध रही है। सच यह भी है कि भारत में शिक्षा व्यवसाय, अथीपार्जन और पद-प्रतिष्ठा से अलग जाकर जीवन के साथ सीधे जुड़ी रही है। यही कारण है कि यहां शिक्षा विद्यालय की सीमा से बाहर आकर बालक के संपूर्ण जीवन के साथ एक सामंजस्य बनाती रही है, लेकिन पिछले दिनों यह सामंजस्य डगमगाया है। इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षा दीनदयाल उपाध्याय के पंचकोशीय आयामों- शरीर, प्राण, मन, बुद्धि एवं आत्मा से जुड़े। शिक्षा का यही स्वरूप बालक के विराट व्यक्तित्व का निर्माण करने के साथ ही वर्तमान आधुनिक वैश्विक समस्याओं का निदान भी करेगा। हमें अविलंब बच्चों के बीच रहकर बच्चों को पढ़ना और उन्हें जानना-समझना शुरू कर देना चाहिए। तभी हम उन्हें सही से गढ़ पाएंगे। यही बच्चों के साथ हमारे संबंधों की कसौटी है। यहीं से उनके रचनात्मक जीवन और भयमुक्त व्यक्तित्व के निर्माण की आधारशिला तैयार होगी।



# मिलेंगे मोदी, चिनफिंग और शाहबाज, क्या हैं इसके निहितार्थ, चीन सीमा विवाद की गुत्थी सुलझेगी

रूस यूक्रेन जंग के बाद पहली बार रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक मंच साझा करेंगे। खास बात यह है पीएम मोदी, चिनफिंग और शाहबाज ऐसे समय एक मंच साझा कर रहे हैं, जब दोनों देशों के साथ भारत के बेहतर संबंध नहीं है। सीमा विवाद को लेकर चीन के साथ संबंध तनाव के चरम पर है, वहीं आतंकवाद को लेकर पाकिस्?तान के संबंधों में कटुता बनी हुई है। ऐसे में तीनों नेताओं का एक साथ मंच साझा करने के क्या निहितार्थ हैं। राजनीतिक विशेषज्ञ इस कूटनीतिक मुलाकात को किस रूप में ले रहे हैं। वया चीन और पाकितान के रिश्?तों में नरमी आएगी वया चीनी राष्ट्रपति सीमा विवाद पर चर्चा करने को तैयार होंगे इसके साथ यह मोदी और पुतिन के साथ होने वाली वार्ता भी काफी अहम मानी जा रही है। दोनों नेताओं की मुलाकात ऐसे समय हो रही है जब यूक्रेन जंग खत्म करने के सभी कूटनीतिक पहल निराशाजनक रही है 1- कूटनीतिक लिहाज से तीनों नेताओं का एक मंच पर आना कितना उपयोगी है विदेश मामलों के जानकार प्रो हर्ष वी पंत का कहना है कि चीनी राष्ट्रपति चनिफिंग और शाहबाज के साथ भारतीय पीएम मोदी का मंच साझा करना काफी अहम है। कूटनीतिक दृष्टि से इसके बड़े मायने हैं। खासकर भारतीय विदेश नीति के लिहाज से यह बेहद उपयोगी है। एक बार फिर भारत ने यह दिखा दिया है कि उसकी विदेश नीति के कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि यह भारत की तटस्थ विदेश नीति की ताकत है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मौके आए हैं, जब भारत ने अपनी तटस्थ विदेश नीति




के बल पर अपने हितों को साधा है और पूरी दुनिया से इसका लोहा मनवाया है। प्रो पंत ने कहा भारत ने यह दिखा दिया है कि अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी के साथ वह उसके विरोधी मुल्कों के साथ अपने तटस्थ संबंधों का संचालन करता है। 2- क्या चीन के साथ सीमा विवाद के गतिरोध में कमी आएगी। इस सवाल के उत्तर में उन्होंने कहा कि इस बात की संभावना बेहद कम है। उन्होंने कहा कि यह मंच इस लिहाज से अहम है कि दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के बावजूद द्विपक्षीय संबंधों के लिए आगे आ रहे हैं। भारत की नीति यह दर्शाती है कि वह अपने विवादित मुद्दों को परस्पर वार्ता के जरिए ही सुलझाना चाहता है। वह सीमा विवाद के लिए किसी अन्य देश के हस्तक्षेप या जंग का हिमायती नहीं है।3- क्या पाकिस्तान प्रायोजित आंतकवाद में कोई कमी के संकेत हैं देखिए, इस बैठक में आतंकवाद एक मुद्दा जरूर है, लेकिन पाकिस्तान का भारत के प्रति कोई बदलाव आएगा ऐसी संभावना न्यून है। अगर कूटनीतिक रूप से देखा जाए तो अलबत्ता, इस बैठक और मुलाकात से दोनों देशों के बीच युद्ध जैसे हालात और तनाव को सीमित करना है।4- चीन, रूस और पाकिस्?तान के साथ मंच साझा करने पर अमेरिका की क्या प्रतिक्रिया होगी प्रो पंत ने कहा कि यूक्रेन युद्ध और ताइवान-चीन विवाद के बाद ड्रैगन और रूस से अमेरिका के संबंध सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। रूस यूक्रेन जंग को लेकर दुनिया करीब-करीब दो भागों में बंट गई है। अमेरिका समेत पश्चिमी देश रूस के खिलाफ हैं। अमेरिका ने रूस पर कई तरह के प्रतिबंध लगा रखा है। उधर, नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद चीन और अमेरिका के बीच जंग जैसे हालात हैं। ऐसे में भारत की स्थिति थोड़ी अलग है। वह अमेरिका का रणनीतिक साझेदार और क्वाड का सदस्य भी है। इस क्वाड का अमेरिका भी सदस्य है। दूसरी तरफ, रूस से भारत का पुराना नाता है। भारत ने कभी भी अपनी इस दोस्ती में किसी को आड़े नहीं आने दिया। भारतीय विदेश नीति की यह खूबी रही है कि वह अमेरिका और रूस के साथ अलग-अलग तरह से अपने संबंधों का निर्वाह करती है। अब अमेरिका भी भारत की तटस्थता नीति को समझता है। इतना ही उसने कई मौकों पर भारत की तटस्थता नीति के पक्ष में अपना रुख रखा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका में गांधी प्रतिमा को तोड़ने की बढ़ रहीं घटनाएं

(आधुनिक समाचार सेवा)
**वाशिंगटन।** हाल के दिनों में अमेरिका में बढ़ रहीं घृणा और अपराध की घटनाओं को लेकर लोगों में रोष का माहौल है। अमेरिका के कई शहरों में गांधी प्रतिमा के साथ तोड़फोड़ की घटनाएं भी काफी बढ़ी हैं। शहर में बढ़ते अपराध और घृणा के माहौल के खिलाफ भारतीय और अमेरिकियों ने टाइम स्क्वायर पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। अन्य सामुदायिक संगठनों के साथ प्रभावशाली फेडरेशन ऑफ इंडियन अमेरिकन्स के सहयोग से विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया।



प्रदर्शन में शामिल लोगों ने बाइडन प्रशासन और अन्य राज्य सरकारों से ऐसे मामलों के खिलाफ कदम उठाने का आग्रह किया।समुदाय के प्रतिनिधियों ने न्यूयॉर्क और अन्य अमेरिकी शहरों में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर हाल ही में और कई खुले हमलों पर भी चिंता व्यक्त की। पीड़ितों और उन सभी नायकों को श्रद्धांजलि देने के लिए मौन और प्रार्थना सभा आयोजित की गई। 9/11 के पीड़ितों को दी गई श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत रणधीर जायसवाल ने हाल में हुई घटनाओं को लेकर और आतंकवाद के खिलाफ सतर्क रहने और शांति से भरे सद्भाव और अहिंसा को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से कहा कि यही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का उपदेश है। जायसवाल ने इस दौरान 9/11 के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी।एफआईए के अध्यक्ष केनी देसाई ने अपनी टिप्पणी में कहा कि इस मुद्दे को संबंधित अधिकारियों के ध्यान में लाने के लिए शांतिपूर्ण मार्च से बेहतर और कुछ नहीं है।

# महर्षि नगर में श्री गणेश महोत्सव का समापन और विसर्जन किया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** महर्षि वेद विज्ञान विद्या पीठ के मीडिया प्रभारी ए के लाल ने बताया की आज सुबह से वैदिक पंडित के द्वारा श्री नगर मे श्री गणेश भगवान जी की मूर्ति का विसर्जन किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिये शिशिर श्रीवास्तव , विनोद श्रीवास्तव , विनीत श्रीवास्तव



गणेश भगवान जी की पूजा कर आरती की गयी। प्रसाद एवं भडारा भी किया गया। महर्षि नगर के पांच सौ भक्तों ने भडारे का प्रसाद लिया । उसके बाद महर्षि , गिरीश अगिन्होत्री , राघवेंद्र यादव , कमलेश यादव , रामेन्द्र सचान ,नरेन्दर सिंह , ललन पाठक ,तथा दया शंकर गुप्ता आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पुराना हैबतपुर में रामलीला महोत्सव का मंचन 26 सितम्बर से

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** पुराना हैबतपुर ग्रेटर नोएडा वेस्ट मे रामलीला महोत्सव 26 सितम्बर से शुरू होगा। आज श्रीवास्तव, राजकुमार दुबे बूथ अध्यक्ष भाजपा ,गजय ठाकुर जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय हनुमान दल,शैलेन्द्र सिंह,रमन



इसका विधिवत भूमि पूजन एवं हवन किया गया। यह राम लीला 26/09 से 05/10 तक होगी आज रामलीला मैदान की भूमि पूजन किया गया, जिसमे पुवीतम सेवा समिति अध्यक्ष और भाजपा पूर्वांचल मोर्चा जिलामंत्री कन्हैया गुप्ता ,महेश लोधी,सचिन श्रीवास्तव,सत्यनारायण यादव,चौहान जी,भानु प्रताप सिंह,प्रमोद यादव,सर्वाजीत कुमार ,पारस जी,कृष्ण कान्त मिश्रा ,अनिल कुमार, दीपक कुमार, रवि कान्त झा एवं अन्य सभी समिति के कार्य कर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# भाजपा ने बढ़ाया डॉक्टर महेश शर्मा का क़द, गौतमबुद्ध नगर जिले का बढ़ा सम्मान

## नोएडा से भाजपा के पहले नेता को मिला किसी प्रदेश का प्रभार

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने नोएडा(गौतमबुद्ध नगर) के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा का क़द एक बार और बढ़ा दिया है श्री शर्मा को पार्टी की तरफ़ से त्रिपुरा प्रदेश का प्रभारी बनाया



गया है यहाँ यह तथ्य विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि यह पहला अवसर है जब नोएडा (गौतमबुद्ध नगर )के किसी भाजपा नेता को किसी प्रदेश का प्रभारी बनाया गया हो ।डॉक्टर महेश शर्मा को यह जिम्मेदारी मिलने से देश की राजनीति में गौतमबुद्ध नगर जिले का सम्मान भी बढ़ा है ।इस प्रकार गौतमबुद्ध नगर जिले की राजनीति में एक नया ऐतिहासिक पनन जुड़ गया है सब जानते हैं कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने 15 प्रदेशों में अपने प्रदेश प्रभारी व सह प्रभारी नियुक्त किए हैं ।प्रभारियों की नियुक्ति का पत्र पार्टी के महासचिव अरूण सिंह ने जारी किया है ।इस पत्र के मुताबिक़ भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश में अध्यक्ष रहे लक्ष्मीकांत वाजपेई को भी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है ।श्री वाजपेयी को झारखंड प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया गया है ।पश्चिमी बंगाल के प्रभारी रहे कैलाश विजयवर्गीय को प्रभारी पद से मुक्त कर दिया गया है । विनोद तावड़े को बिहार तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रकाश जावड़ेकर को केरल का प्रभारी बनाया गया है। बिहार प्रदेश में स्वास्थ्य मंत्री रहे मंगल पांडे को अब कैलाश विजयवर्गीय की जगह पश्चिम बंगाल भेजा गया है ।छत्तीसगढ़ में ओम माथुर को प्रभारी नियुक्त किया गया है ।पंजाब और चंडीगढ़ में दुष्यंत कुमार गौतम की जगह गुजरात के भूतपूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को प्रभारी बनाया गया है । वर्ष 1959 में जन्मे 62 वर्षीय डॉ महेश शर्मा को भाजपा के वर्तमान में दोनों बड़े नेताओं यानि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का विश्वासपात्र नेता माना जाता है । अपने बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े हुए डॉक्टर महेश शर्मा को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का भी खासमखास माना जाता था । त्रिपुरा प्रदेश का प्रभारी बनाए जाने की ख़बर मिलने के बाद से ही डॉ महेश कुमार शर्मा को बधाईयों का ताँता लगा हुआ है । खबर को सुनकर क्षेत्र के नागरिकों ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट किया है और सांसद को फूलों का बुके देकर अभिनन्दन किया है जिसमें खुर्जा की विधायक श्रीमती मीनाक्षी सिंह ,फोनरवा के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा , संजय बाली , अल्पेश गर्ग सेक्टर -9 मार्किट के अध्यक्ष सत्यनारायण गोयल, उम्मेद अग्रवाल , जन शक्ति सेवा समिति के चेयरमैन रवि कांत मिश्रा नोएडा वैश्य संगठन के अध्यक्ष विनय अग्रवाल पसमांदा मुस्लिम समाज उत्थान समिति संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एहसान अब्बासी विवेक गंगवार रोहित कुमार , नरेंद्र चोपड़ा, राजकुमार गर्ग , अजय बाटला नबाब कुरैशी आदि शामिल हैं ।

# नॉर्थ-ईस्ट फेस्टिवल में शनिवार को हुई जमकर खरीददारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों का मन मोहा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** सेक्टर-33 ए स्थित नोएडा हाट में आयोजित नॉर्थ-ईस्ट फेस्टिवल में शनिवार को भारी संख्या में भीड़ उमड़ी। वीकेंड पर समापन से एक दिन पूर्व यहां लोगों ने जमकर खरीददारी की। वहीं असाम की फिल्म अभिनेत्री एवं क्लासिकल डांसर तन्वी शर्मा तथा उनकी एकेडमी के बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये, जिनका लोगों ने लुत्फ उठाया। आसाम की जानी मानी अभिनेत्री तन्वी शर्मा खुद भी क्लासिकल डांसर हैं, साथ ही उनकी एकेडमी डांस बज द्वारा नोएडा हॉट में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये, जिनमें आसाम के प्रसिद्ध कासियोली डांस, टीवा फयूजन डांस, बीहू डांस, आसाम के क्षेत्रिय गानों पर डांस, तथा तन्वी शर्मा द्वारा भी प्रस्तुति दी गई। वहीं फैस्टिवल के अंतिम दिन समापन के अवसर पर रविवार को त्यागराज सेंटर ऑफ म्यूजिक एंड डांस द्वारा भी केरला के डांस, भरतनाट्यम सहित अन्य कई सांस्कृतिक कार्यकम प्रस्तुत किए जाएंगे। रविवार को फेस्टिवल का अंतिम दिन है, जिसके चलते शनिवार को नोएडा हाट में खासी चहल-पहल रही और लोगों ने यहां जमकर खरीददारी की। ज्ञात हो कि 26 अगस्त से 11 सितंबर तक 17 दिवसीय आयोजन नोएडा हॉट में आयोजित किया जा रहा है। यहां नार्थ-ईस्ट के 8 प्रदेशों अरुणाचल प्रदेश, आसाम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नागालेंड, त्रिपुरा, और सिक्किम के हैंडिक्राफ्ट और वहां के अन्य सामान को प्रस्तुत करने के लिए नार्थ ईस्ट फैस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारत सरकार के मंत्रालय मिनिस्ट्री ऑफ टैक्स्टाइल के डेवलपमेंट कमिशन्र हैंडिक्राफ्ट तथा नेशनल डिजाइन सेंटर एवं नार्थ ईस्ट स्टेट गार्वमेंट डिपार्टमेंट के पारटिसिपेशन सहयोग से किया जा रहा है। नार्थ ईस्ट के सभी 8 प्रदेशों के हैंडिक्राफ्ट कलाकार यहां अपनी क्राफ्ट, खानपान, संस्कृति, पर्यटन और अपनी परंपरा से रूबरू करा रहे हैं। यहां आसाम की चाय,अचार, हाथ से बनाए गए खिालोने, सिल्क का सामान परपंरागत गहने, मेघालय के हस्त निर्मित शॉल, संतरा शहद, ऑरगैनिक सामान, मणिपुर की हाथी मिर्ची, कटोरे, प्लैटस आदि, मिजोरम के बेंम्बू के सामान, बास्केट, हस्त निर्मित कपडे व खिलोने, नागालैंड की नागा शॉल, आभूषण, लैदर आदि के सामान, त्रिपुरा के हस्त निर्मित सामान, फर्निचर, सिल्वर ज्वैलरी आदि, तथा सिक्किम के उनी कारपेट, पेंटिंग, आभूषण तथा ऑगैनिक खाने का सामान नार्थ ईस्ट के स्थानिय (वाजिब) दामों में उपलब्ध हैं, जिनकी लोग जमकर खरीददारी कर रहे हैं।



# पति बन गया हत्यारा, बेरहमी से पत्नी को मौत के घाट उतारा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** कोतवाली फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर 66 स्थित श्रमिक कुंज कालोनी में खाने बनाने को लेकर हुए विवाद के बाद कथित तौर पर पति अपनी पतनी के सिर पर तवे से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए



भेज दिया गया और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है सेक्टर 66 केशव कुंज कॉलोनी में मकान नंबर 144 बी में रहने वाली वर्षीय महिला खुशबू देवी के शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए ले जा रही है, खुशबू की हत्या उसके पति अनुराग ने तवे से पीट-पीट कर दी उसने खाना नही बनाया था. पुलिस ने अनुराग को गिरफ्तार कर लिया है. पुछताछ के दौरान अनुराग ने बताया कि वह ऑटो चलाता है सुबह दोनों के बीच खाना बनाने को लेकर विवाद हो गया, विवाद इतना बढ़ा की वह आपे से बाहर हो गया और किचन में पड़े तवे को उठाकर उसने खुशबू के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया. खुशबू चिल्लाती रही फिर तड़प तड़प कर उसकी मौत हो गई. इस हत्या के कारण श्रमिक कुंज कॉलोनी में सनसनी फैल गई लोगों ने इस हत्याकांड की सूचना पुलिस को दे दी मौके पर पहुंची पुलिस ने आला ए कत्ल सभी को कब्जे में लेकर अनुराग को गिरफ्तार कर लिया जबकि खुशबू के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया. कोतवाली फेज-3 प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो खुशबू जमीन पर लहूलुहान हालत में मृत पाई गई. पुलिस ने परिवार वालों को घटना की जानकारी और दे दी है और वैधानिक कार्रवाई करने में जुट गई है प्रभारी कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी अनुराग मूल रूप से बिहार का रहने वाला है उसके दो बच्चे है अनुराग अपने 5 साल के बेटे और पतने के साथ थाना फेज-3 क्षेत्र के श्रमिक कुंज कॉलोनी में रह रहा है जबकि उसकी एक बेटी से गांव में रहती है घटना के समय अनुराग का बेटा स्कूल गया हुआ था।

# समस्याओं को लेकर उद्यमी विधायक पंकज सिंह से मिले

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** एसोसिएशन ऑफ कॉमन फेसिलिटी एरिया फ़ॉर इंडस्ट्रीस के तत्वाधान सेक्टर 9 के उद्यमियों का एक प्रतिनिधि मंडल लगभग 500 उद्यमियों की संख्या की समस्याओं के संदर्भ में विधायक पंकज सिंह ने नोएडा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से बात की ओर किसी भी तरह की गलत कार्यवाही ना करने के लिए आदेशित किया और साथ



में स्थानीय विधायक पंकज सिंह से मिला और सेक्टर 9 की समस्याओं से अवगत कराया। महासचिव सतनारायण गोयल ने बताया कि प्राधिकरण लगातार कॉमर्शियल का हवाला दे कर उद्यमियों का उत्पीड़न कर रहा है और सीलिंग के नाम पर उद्यमियों से अवैध धन उगाही कर रहा है न्यायालय के आदेशों की आड़ में प्राधिकरण का भ्र्ष्टाचार यहाँ फल फूल रहा है।उधमियों ही कहा कि जब भी सेक्टर 9 मार्किट में किसी भी तरह के सर्वे के लिए जायें तो स्थानीय एसोसिएशन के पदाधिकारियों को साथ मे अवश्य ले जाएं ताकि किसी भी प्रकार का संसय ना रहे। आगे उन्होंने उधमियों से कहा कि न्यायालय द्वारा आदेशित कार्यवाही सुचारू रूप से चलती रहेगी परंतु नोएडा प्राधिकरण उन आदेशों की आड़ में किसी भी उद्यमी को प्रताड़ित नही करेगा।

# प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम को लेकर जिला अधिकारी ने अधिकारियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** 12 सितंबर के वी वी आई पी कार्यक्रम को जनपद में निर्धारित मानकों के अनुरूप संपनन कराने महत्वपूर्ण बैठक करते हुए सभी का आह्वान किया कि समस्त अधिकारीगण अपने अपने स्तर के सभी कार्य आज देर रात्रि तक सुनिश्चित की जाएगी ताकि जनपद में आयोजित होने वाला वीवीआइपी कार्यक्रम निर्धारित मानकों एवं सुरक्षा के साथ संपनन किया जा सके।



के उद्देश्य से जिला अधिकारी सुहास एल वाई ने आज गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय पहुंचकर स्थल निरीक्षण करने के उपरांत एक्सपो मार्ट में कार्यक्रम सभागार, हेलीपैड एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में गहन स्थल निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण करने के उपरांत जिला अधिकारी सुहास एल वाई ने एक्सपो मार्ट की सभागार में माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ समाप्त कर लें। सभी संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर उनके पास निर्गत करने की कार्रवाई समय रहते सुनिश्चित कर ली जाए। हेलीपैड की व्यवस्था में लगे हुए अधिकारी अपनी सभी तैयारियां सुनिश्चित करेंगे। विद्युत सप्लाई, खानपान व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्था के संबंध में समस्त संबंधित अधिकारियों को बैठक में निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि आज देर शाम तक सभी के द्वारा अपने अपने कार्य पूरा करने की कार्रवाई उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिन अधिकारियों की ड्यूटी जहां-जहां पर नामित की गई है समस्त अधिकारीगण निर्धारित समय पर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी तेज प्रताप मिश्र, अपर जिलाधिकारी एल ए बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी राजस्व वंदिता श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ नितिन मदान तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

# कैमोर एसीसी सीमेंट अमेहटा में नाबालिग बच्ची के साथ रेप आरोपी पुलिस की गिरफ्त से भागे

## एलएनटी के अधिकारियों की लापरवाही उजागर कर्मचारियों को झुट का परिणाम सामने आया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर।**कैमोर एसीसी सीमेंट प्लांट का नवीन प्लांट अमेहटा जहा पर प्लांट निर्माण का कार्य एलएनटी कर रही है। प्लांट पर अधिकतम मजदूर बाहरी है तथा एलएनटी के अधिकारियों की लगाम अपने कर्मचारियों पर नही है इसी छुट का फायदा कर्मचारी उठाते हैं आए दिन तरह तरह की घटनाएं सामने आ रही है। कल देर रात्रि कटनी नजदीक कुछ युवक अमेहटा प्लांट के नजदीक एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार जैसे घिनौना अपराध कर बैठे जिन्हें ग्रामीणों ने धर पकड कर पुलिस के हवाले किया किन्तु एलएनटी के अधिकारियों ने पुलिस से मिल कर अपराधियों को रफा-दफा करा दिया जिससे ग्रामीणों मे भारी आक्रोश व्यापत हो गया पुलिस के खिलाफ मुर्दाबाद के नारो के साथ रोड जाम कर दिया गया।

# मध्यप्रदेश में मैहर माँ शारदा के धाम में नीचे सीढियों से लेकर ऊपर तक हुआ वृक्षा रोपण

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर।**भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय विष्णु दत्त शर्मा एवं ऊर्जावान युवा मोर्चा प्रदेश




अध्यक्ष वैभव पवार, प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा रीवा संभाग के प्रभारी हरीश रावत के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष भाजपा,नरेंद्र त्रिपाठी, प्रदेशकार्यसमिति सदस्य भाजपा श्रीकांत चतुर्वेदी एवं जिला प्रभारी युवा मोर्चा विजय तिवारी,के नेतृत्व में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा सौभाग्य केसरी, सतना जिला के प्रभारी मैहर मंडल पर मां शारदा देवी जी प्रथम सीढ़ी से लेकर ऊपर तक वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभआरंभ किया गया जिसमे लक्ष्य 1100, वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पनन हुआ इस मौके पर सतना जिला अध्यक्ष श्री नरेन्द्र त्रिपाठी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकान्त चतुर्वेदी जिला उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कृष्णा पांडे विजय तिवारी,आशीष तिवारी सतना, आईटी सेल संयोजक अभिनव त्रिपाठी मैंहर मंडल अध्यक्ष प्रिंस शर्मा। भाजपा युवा मोर्चा,नितिन ताम्रकार,सूर्य प्रकाश चौरसिया, दिलीप त्रिपाठी, नपा अध्यक्ष गीता सोनी,पार्षद ललिता चौरसिया, गुड्डू चौरसिया, भगवानदीन सोनी भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा अमदरा मंडल बदेरा मंडल नादान मंडल अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष मैंहर युवा मोर्चा के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता गण युवा मोर्चा सतना की समस्त टीम सहित भाजपा के पदाधिकारी व सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे तत्पश्चात पौधा लगाने के बाद मां शारदा का सभी पदाधिकारी दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किये।

# विदेशी यात्रियों के लिए जापान का बड़ा फैसला

(आधुनिक समाचार सेवा)
**टोक्यो।** जापान सरकार पर्यटकों के हित में बड़ा फैसला लेने जा रही है। जापान की सरकार ने सीमा नियंत्रण में ढील देने की बात कही है, ताकि देश में पर्यटकों का आना आसान हो सके। जापान की स्थानीय समाचार एजेंसी इव्हग् नै नूैदिव् ने सोमवार को बताया कि जापान की सरकार कुछ देशों से पर्यटक वीजा आवश्यकताओं को माफ करने की योजना बना रही है, ताकि सीमा नियंत्रण में और ढील दी जा सके। समाचार एजेंसी ने कहा कि प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा इस सप्ताह की शुरुआत में इस मालमे पर फैसला ले सकते हैं, जो व्यक्तिगत यात्रियों को बिना ट्रैवल एजेंसी बुकिंग के जापान जाने की अनुमति देगा। जापान सरकार के इस कदम से जापान आने वाले पर्यटकों के लिए सफर आसान हो जाएगा। उन्हें सरकार द्वारा मिली छूट से काफी हद तक मदद मिल सकेगी।

# फैजल शेख नहीं ये कंटेस्टेंट पहुंचा फाइनल में, कांटे की टक्कर में फैजू को धूल चटाकर बना पहला फाइनलिस्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** शनिवार के टास्क को आगे बढ़ाते हुए रविवार को इसे बाकी कंटेस्टेंट्स ने परफॉर्म किया। टास्क के लिए राजीव-कनिका, तुषार-फैजल और निशांत- जनन्त की जोडि़यां बनी। जनन्त के बीमार होने के कारण उनकी जगह मोहित मलिक ने प्रॉक्सी कंटेस्टेंट बनकर सभी टास्क परफॉर्म किए। टास्क के लिए सबसे पहले राजीव और कनिका गए। राजीव को कॉकरोच से भरे बॉक्स में लेटना पड़ा और कनिका को करंट के झटके खाते हुए लोहे की जाली से चाबी निकालनी थी। दोनों ने टास्क को अच्छे से परफॉर्म करते हुए पूरा किया। इसके बाद निशांत-मोहित और तुषार-फैजल की जोडि़यां गई। इन्होंने भी टास्क अच्छे से किया लेकिन, कुछ मिनटों की देरी से कनिका और राजीव ये टास्क हार गए। फाइनलिस्ट की रेस में अगला टास्क ट्रक से जुड़ा हुआ था। जोडि़यो को दो चलती हुई ट्रक पर चढ़कर टास्क करना था लेकिन, ट्विस्ट ये था कि ये ट्रक अलग-अलग दिशा में चल रही थी और ट्रक के फिनिशिंग लाइन तक पहुंचने से पहले टास्क करना था। इस टास्क को तुषार और फैजल की जोड़ी ने जीत लिया और निशांत-मोहित को हार देखनी पड़ी। अगला टास्क सीधे फाइनलिस्ट बनने के लिए था, जिसमें तुषार और फैजल को एक-दूसरे को टक्कर देनी थी। शो का ये टास्क बेहद ही खतरनाक था, एक छोटी से गलती करने पर कंटेस्टेंट को चोट भी लग सकती थी। इस टास्क में खिलाड़ी को पहले मारुती सुजुकी स्विफ्ट ड्राइव करनी थी, इसके बाद टावर पर चढ़ना था साथ ही फ्लैग्स लगाने थे। टावर के टॉप पर पहुंचकर खूदना था और सामने लगे हुए नेट तक पहुंचना था। इस टास्क के लिए पहले तुषार और फिर फैजल गए। दोनों ने ही शानदार परफॉर्मेंस दी और सबको हैरत में डाल दिया कि आखिर जीतेगा कौन। जब विनर घोषित करने की बारी आई तो रोहित शेट्टी ने तुषार और फैजल के टास्क टाइम के बारे में बताया। इस टास्क को फैजल ने 3 मिनट 55 सेकेंड में पूरा किया जबकि तुषार ने 3 मिनट 49 सेकेंड में कंप्लीट किया और इस तरह तुषार, फैजल को मात देते हुए टिकट टू फिनाले के विनर बन गए। खतरों के खिलाड़ी के पहले फाइनलिस्ट बनने के साथ ही अब तुषार को अगले हफ्ते कोई टास्क नहीं करना पड़ेगा और वे सीधे फिनाले में बाकी कंटेस्टेंट्स के साथ मुकाबले करेंगे। शो का यह हफ्ते टिकट टू फिनाले के नाम रहा। भले ही तुषार इस टास्क को जीतकर पहले फाइनलिस्ट बन गए हो और फैजल को हार देखनी पड़ी हो, लेकिन शो से इस हफ्ते किसी को एलिमिनेट नहीं किया गया।



# बिग बॉस' 16 का धमाकेदार प्रोमो हुआ रिलीज, फर्स्ट लुक देख डर जाएंगे सारे कंटेस्टेंट


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हर साल की तरह इस साल भी सलमान खान देश का सबसे विवादित रियलिटी शो बिग बॉस का 16वां सीजन लेकर हाजिर होने वाले हैं। बीबी 16 का फर्स्ट लुक भी सामने सामने आ गया हो वो भी एक ट्विस्ट के साथ। बिग बॉस 16 का नया प्रोमो देखकर दर्शकों को भी अंदाजा हो गया है कि इस बार उन्हें शो में डबल, ट्रिपल धमाल देखने को मिलने वाला है। यह रही कॉन्ट्रोवर्शियल शो की पहले झलक प्रोमो की शुरुआत होती है एक भारी भरकम आवाज से, जो कहता है कि, ' 15 सालों से बिग बॉस ने सबका गेम देखा है, इस बार बिग बॉस अपना गेम दिखाएंगे। सुबह होगी पर आसमान में चांद दिखेगा। ग्रेविटी उड़ेगी हवा में और घोड़ा सीधी चाल चलेगा। परछाई भी छोड़ेगी साथ, खेलेगी अपना खेल। क्योंकि इस बार बिग बॉस खुद खेलेंगे।' इन डायलॉग्स के साथ सलमान खान अपने फेवरेट कैजुअल लुक में नजर आ रहे हैं।बिग बॉस 16 के फर्स्ट प्रोमो में शहनाज गिल नजर और हिना खान नजर आईं।



पर साफ-साफ कुछ भी नहीं बताया गया कि आखिर इस सीजन की थीम है क्या? प्रोमो में जो घर दिखाया जा रहा है वो पूरी तरह से खंडहर लग रहा है। सबको पता है कि बिग बॉस का घर कितना आलीशान होता है। इस बार तो लगता है कुछ काफी रहस्यमयी होने वाला है।बता दें कि सोशल मीडिया पर शो की थीम के कयास लगाए जाने शुरू हो चुके हैं। कुछ लोगों का मानना है कि हो सकता है कि शो में इस बार अतुल कपूर नजर आएं। यह वहीं हैं जो बिग बॉस का वॉइस ओवर करते हैं। हालांकि इसे लेकर अभी तक मेकर्स ने ऑफिशियल कुछ भी ऐलान नहीं किया है। लेकिन फैंस अपने फेवरेट शो को देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं।

# दोबारा नाना बने सुपरस्टार रजनीकांत, बेटी सौंदर्या ने शेयर की बेबी बॉय की पहली झलक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साउथ और हिंदी के मेगा स्टार रजनीकांत के घर पर एक बार फिर से खुशियों ने दस्तक दी है। उनकी छोटी बेटी और मशहूर निर्माता सौंदर्या रजनीकांत के घर में एक बार फिर से किलकारियां गूंजी हैं। रजनीकांत की लाडली बेटी सौंदर्या ने बेबी बॉय को जन्म दिया है। अपनी जिंदगी में आई इस नई खुशी की जानकारी खुद रजनीकांत की बेटी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए शेयर की। उन्होंने कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए अपने बेटे की एक झलक भी फैंस को दिखाई। अपनी खुशी को फैंस के साथ बांटते हुए सौंदर्या रजनीकांत ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की। पहली तस्वीर में उनके बेबी बॉय ने उनकी उंगली थामी हुई है, तो वहीं दूसरी तस्वीर में वह अपने पति विशगन वनंगमुडी के साथ अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए दिखाई दे रही हैं। अन्य तस्वीर में वह अपने बेटे वेद और पति के साथ हैं। इसके अलावा भी सौंदर्या ने कई प्रेगनेंसी के दौरान की कई अलग-अलग और खूबसूरत तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की।



# मीरा राजपूत के बर्थडे पर जमकर नाचे थे शाहिद कपूर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** शाहिद कपूर की वाइफ मीरा राजपूत ने 7 सितंबर को अपना 28वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया था। इस मौके पर शाहिद ने शानदार पार्टी ऑर्गनाइज की थी, जिसमे कई फिल्मी सितारें शामिल हुए थे। सेलिब्रेशन की तस्वीरें भी वायरल हुई थी। वहीं बर्थडे के तीन दिन बाद शाहिद कपूर ने एक इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें यह कपल दोस्तों के साथ डांस करता नजर आ रहा है। इस बीच, ईशान खट्ट और कुणाल खेमू को भांगड़ा करते नजर आ रहे हैं।



# रणबीर की 'ब्रह्मास्त्र' ने की रिकॉर्ड तोड़ कमाई, पहले वीकेंड में किया शानदार कलेक्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर की 'ब्रह्मास्त्र' सिनेमाघरों में धमाल मचा रही है। फिल्म लगातार तीन दिनों से ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। रविवार को तो इसके कलेक्शन में और भी इजाफा हुआ। इसके साथ ही अयान मुखर्जी की यह फिल्म सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर जल्द ही 150 करोड़ करोड़ का आंकड़ा छूने वाली हैं। ब्रह्मास्त्र, रणबीर कपूर की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बन गई है, इससे पहले यह रिकॉर्ड संजू के नाम था। रणबीर कपूर की पिछली फिल्म 'शमशेरा' बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही। इस बार आलिया भट्ट उनके लिए लकी साबित हुई हैं। फिल्म ने पहले दिन ही दुनियाभर में 75 करोड़ की कमाई की थी। दूसरे दिन तो यह आंकड़ा 160 करोड़ पहुंच गया था। ब्रह्मास्त्र का सोशल मीडिया पर लगातार बायकॉट चल रहा है बावजूद इसके फिल्म का जबरदस्त कलेक्शन इन बायकॉट गैंग्स को मुंह चिढ़ा रहा है। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ब्रह्मास्त्र ने पहले दिन 37 करोड़ की कमाई की थी। दूसरी दिन इस कलेक्शन में उछाल देखने को मिला और शनिवार को फिल्म ने 42 करोड़ रुपये अपनी झोली में बटोरे। तीसरे दिन तो ब्रह्मास्त्र ने बमफाड़ कमाई की और सभी भाषाओं में 46 करोड़ कमाकर टिकट खिड़की पर अपना जलवा कायम रखा। इसके साथ ही तीन दिनों में फिल्म ने 125 करोड़ का बिजनेस कर पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। देशभर में कुल 125 करोड़ की कमाई में दक्षिण भारतीय डब वर्जन के 16 करोड़ भी शामिल हैं। इसमें सबसे ज्यादा केलक्शन, करीब 13 करोड़ रपये, तेलुगु डब से आएं हैं। तो वहीं फिल्म की हिन्दी रिलीज ने बॉक्स ऑफिस पर शतक लगाया है। फिल्म ने 109 से 110 करोड़ के बीच का बिजनेस किया है। इसके साथ ही यह अब तक कि टॉप 5 फिल्मों के वीकेंड कलेक्शन में शामिल हो गई है। पहला वीकेंड ब्रह्मास्त्र के लिए काफी अच्छा रहा है। इसके भाग्य का फैसला तो सोमवार को होगा।




# अपनी आखिरी फिल्म में इस किरदार में नजर आएंगी सोनाली फोगाट, अभी तक नहीं सुलझी है मौत की गुत्थी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बीजेपी नेता और एक्ट्रेस सोनाली फोगाट के मौत की गुत्थी अभी तक नहीं सुलझी है। इसी बीच खबर आ रही है कि उनकी आखिरी फिल्म भी जल्द ही रिलीज होने वाली है। फिल्म का नाम प्रेरणा है और इसके डायरेक्टर नरेश ढांडा, जिन्होंने इस फिल्म में फोगाट के ससुर का किरदार निभाया है, ने मीडिया को बताया कि यह काफी मोटिवेशनल फिल्म है। न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में डायरेक्टर नरेश ढांडा ने बताया कि, 'सोनाली फोगाट के लीड रोल वाली फिल्म का टाइटल प्रेरणा है। यह एक मोटिवेशन देने वाली फिल्म है। इसमें बताया गया कि है कि कैसे सोनाली फोगाट की किरदार 'प्रेरणा' छात्रों को यह बताती है कि वह जिंदगी में कभी भी अपना हौसला और उम्मीद न खोएं, हमेशा आगे बढ़ते रहें।बता दें कि 43 साल की सोनाली फोगाट की मौत पिछले दिनों गोवा में हो गई। अगस्त लास्ट में वो उनके निधन की खबर आई जिसके बाद उनकी मौत की गुत्थी लगातार उलझती जा रही है। इसी बीच हाल ही में उनकी फिल्म प्रेरणा का पोस्टर रिलीज किया गया था। सोनीला की बेटी यशोधरा ने फिल्म का पोस्टर जारी किया। हालांकि फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान अभी नहीं किया गया है। नरेश ढांडा ने साथ में यह भी बताया कि वो लोग अब दिवंगत सोनाली फोगाट की बेटी के साथ एक गाना शूट करना चाहते हैं।



# ब्रह्मास्त्र के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को कंगना रनोट ने बताया 'फेक' करण जौहर को दिया खुला चैलेंज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की मोस्ट अवेटेड फिल्म ब्रह्मास्त्र बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कलेक्शन कर रही है। फिल्म ने पहले दिन ही 75 करोड़ का कलेक्शन करके बायकॉट गैंग को ठेंगा दिखा दिया था। दूसरे दिन तो इसकी कमाई 160 करोड़ के पार पहुंच गई। तीसरे दिन उम्मीद की जा रही है कि फिल्म 200 करोड़ पार होगी। पर कोई ऐसा भी है जिसे ब्रह्मास्त्र की इस सफलता में साजिश की बू आ रही हैं। कंगना रनोट ने ब्रह्मास्त्र के मेकर्स और एक्टर्स को एक बार फिर निशाने पर लिया है। उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी में ब्रह्मास्त्र के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर सवाल उठाए हैं। एक्ट्रेस ने फिल्ममेकर और राइटर एरे मृदुला कैथेर के एक ट्वीट को शेयर करते हुए ब्रह्मास्त्र के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के फेक होने का दावा करने वाले पोस्ट पर रिएक्शन दिया है। कंगना ने लिखा, 'शुक्रवार को रिलीज हुई और रविवार को यह पहले से ही एक बड़ी हिट है और वैसे भी भारी मुनाफा भी कमाया है। 250 करोड़ में (वह भी एक नकली आंकड़ा)।



# द फैबेलमैन्स' को टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में मिला स्टैंडिंग ओवेशन,75 सालों के अनुभव को उतरा पर्दे पर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 'जुरासिक पार्क', 'लिंकन', 'म्यूनिक', 'वेस्ट साइड स्टोरी' और 'टिट-टिन' जैसी मास्टरपीस फिल्में बना चुके फिल्ममेकर स्टीवन स्पीलबर्ग की अब सेमी-ऑटोबायोग्राफी 'द फैबेलमैन्स' आ रही है। लंबे इंतजार के बाद फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया, जो स्टीवन स्पीलबर्ग की फैमिली और उनके जीवन से जुड़ी कहानी को बयां करती है। अमेरिकन मीडिया हाउस वैरायटी के अनुसार, 'द फैबेलमैन्स' का प्रीमियर शनिवार को टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में किया गया। जहां इसे खूब सराहा गया। यहां तक कि फिल्म को स्टैंडिंग ओवेशन भी मिला। 'द फैबेलमैन्स' के साथ स्पीलबर्ग टोरंटो फिल्म फेस्टिवल का पहली बार हिस्सा बने। फिल्म को प्रेजेंट करते हुए स्पीलबर्ग ने कहा कि उनके जीवन के 75 सालों के अनुभव को इस फिल्म में उतार गया है।वैरायटी के अनुसार, फिल्म एक ऐसे युवक की कहानी बयां करती है, जिसे अपने परिवार के दुखी कर देने वाले रहस्य पता चलते हैं और अपनी उलझनों से निकलने के लिए वो फिल्मों का सहारा लेता है ताकि उसे खुद की और दूसरों की सच्चाई समझने में मदद मिल सके। स्पीलबर्ग की यह फिल्म उनकी एरिजोना में शुरुआती सालों पर आधारित है, जिसे उन्होंने 'लिंकन', 'म्यूनिक' और 'वेस्ट साइड स्टोरी' के स्क्रीनराइटर टोनी कुशनर के साथ मिलकर लिखा है। दोनों की इस फिल्म के स्टार कास्ट की बात करें तो मिशेल विलियम्स, पॉल डानो, गेब्रियल लाबेले, सेठ रोजन, जोनी बर्लिन, जूलिया बटर, रॉबिन बार्टलेट, कीली कार्स्टन और जुड हिर्श 'द फैबेलमैन्स' का हिस्सा हैं। इनके अलावा फिल्म में डेविड लिंच, माटेओ जोरियन फ्रांसिस-डीफोर्ड, बर्डी बोरिया, अलीना ब्रेस, सोफिया कोपेरा, ओक्स फेगली, सैम रेचनर, क्रो ईस्ट, जोनाथन हैदरी और इसाबेल कुशमैन भी शामिल हैं। द हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, टोरंटो प्रीमियर के बाद फिल्म 11 नवंबर, 2022 को न्यूयॉर्क शहर और लॉस एंजिल्स में रिलीज की जाएगी। फिल्म पहले थैंक्सगिविंग वीकेंड के दौरान 23 नवंबर, 2022 को रिलीज होने वाली थी।



# लोगों को पसंद नहीं आया कपिल शर्मा शो का नया सीजन दर्शकों को याद आए कृष्णा-भारती

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा का कॉमेडी शो एक बार फिर से अपने नए सीजन के साथ टीवी पर लौट चुका है। यह शो 10 सितंबर से सोनी टीवी पर प्रसारित हुआ है। कॉमेडी शो के इस नए सीजन में कई बदलाव किए गए। इस सीजन में कई नए चेहरे नजर आए, तो वहीं कुछ ऐसे एक्टर्स कपिल शर्मा शो को अलविदा कह गए जो इस शो की जान थे। जिन्हें 'द कपिल शर्मा शो' की शुरुआत में ही लोगों ने बहुत याद किया। जहां कपिल कुछ लोगों के चेहरों पर एक बड़ी सी मुस्कान लाने में सफल हुए, तो वहीं कुछ लोगों ने कपिल के इस सीजन को सबसे ज्यादा वर्स्ट बताया। वैसे तो खिलाड़ी अक्षय कुमार कपिल शर्मा के लिए काफी लकी मानें जाते हैं। उनके अब तक दो सीजन की शुरुआत अक्की के एपिसोड से हुई और दोनों ही सीजन सफल रहे। लेकिन इस तीसरे सीजन में अक्षय कुमार कपिल शर्मा के लिए कुछ खास लकी नहीं रहे। दरअसल कपिल के शो में फिल्म 'कठपुतली' की टीम पहले एपिसोड में मेहमान बनकर पहुंची थी। अक्षय कुमार के अलावा सरगुन मेहता, रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी के साथ चंद्रचूड़ सिंह भी कपिल के शो में पहुंचे थे। कपिल को ये उम्मीद थी कि दर्शकों को उनके लुक की तरह ही उनके नए सीजन का पहला एपिसोड पसंद आएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और उनके शो के पहले एपिसोड को मिली जुली प्रतिक्रिया मिली। सोशल मीडिया पर लोग 'द कपिल शर्मा शो' को देखने के बाद लगातार अपनी प्रतिक्रिया जाहिर कर रहे हैं।



# तेलुगु फिल्मों में हिरोइन को सिर्फ नाचने के लिए रखते हैं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**साउथ फिल्म इंडस्ट्री इन दिनों उफान पर है। इस साल आरआरआर, केजीएफ, पुष्पा जैसी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई है। एक के बाद एक फ्लॉप हो रही बॉलीवुड फिल्मों को भी तेलुगु और तमिल फिल्मों से सीखने की सलाह दी जा रही है। इसी बीच एक एक्ट्रेस ने इस इंडस्ट्री को आइना दिखाने का काम किया है। अमाला पॉल जो पिछले 13 सालों से तमिल फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ीं हैं, उन्होंने ई-टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में तेलुगु सिनेमा को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि ज्यादातर तेलुगु फिल्मों में एक्ट्रेस केवल लव सीन्स, गाने और आइटम सॉन्ग के लिए ली जाती हैं। उन्होंने कहा, 'मैं तेलुगु इंडस्ट्री से ज्यादा कनेक्ट ही नहीं कर पाती हूं।' बता दें कि अमाला ने अपने करियर में सिर्फ 4 तेलुगु फिल्मों में ही काम किया है।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

**नोटः-** इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।